रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपक्ष पत्रकारिता ।

देसी अंदाज नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-245 रांची | शनिवार 27 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.


## बीजेपी के हेट स्पीच देने वाले स्टार प्रचारकों पर बैन लगाये चुनाव आयोग : सुप्रियो भट्टाचार्य




**रांची,एजेन्सी।** जेएमएम के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि दो राष्ट्रीय दलों को चुनाव आयोग ने आपत्तिजनक भाषण देने के मामले में नोटिस जारी किया है। इसमें से एक कांग्रेस है। दूसरी पार्टी बीजेपी है। कहा बीजेपी को जो नोटिस मिला है, उसमें पीएम नरेंद्र मोदी का नाम जुड़ा हुआ है। लेकिन चुनाव आयोग ने उनको नोटिस नहीं भेजकर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम से नोटिस भेजा है। कहा, नरेद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। फिर भी उनको नोटिस नहीं भेजा गया। चुनाव आयोग ने ऐसा क्यों किया, ये समझ से परे है। सुप्रियो ने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग दंतविहिन हो गया है।

### गिरिराज सिंह पर साधा निशाना

सुप्रियो भट्टाचार्य ने आगे सवाल उठाया कि बिहार में बीजेपी नेता गिरिराज सिंह जिस तरह से हेट स्पीच देते रहे हैं और वर्तमान चुनाव के दौरान भी दिया है, उस पर चुनाव आयोग ने कोई नोटिस क्यों नहीं जारी किया है। सुप्रियो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम और वीवीपैट के बारे में कल फैसला सुनाया है। लेकिन पीएम मोदी ने कहा है कि इस फैसले को उनकी पार्टी फिर से सुनेगी। कहा कि इससे जाहिर होता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत तरीके से इंटरप्रेनेट किया जा रहा है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हारे हुए प्रत्याशी द्वारा ईवीएम से वीवीपेट से निकली पर्ची का मिलान कराने के लिए आवेदन दिया जा सकता है। इसका खर्च प्रत्याशी को देना होगा। सुप्रियो ने सवाल उठाया कि अगर इसमें गड़बड़ी पाई गयी तो क्या प्रत्याशी को उसका पैसा वापस मिलेगा? कहा इस बारे में भी सुप्रीम कोर्ट को फैसला सुनाना चाहिये।

## इंडिया गठबंधन में शामिल दल परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं : बाबूलाल मरांडी

**रांची,एजेन्सी।** चतरा के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। जनसभा में अबकी बार 400 बार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे भी लगे। मरांडी ने जनसभा में कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दल परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते है। कहा, इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा, जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं।



### हर पल जनता के लिए खड़ा रहूंगा : कालीचरण सिंह

प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता के कारण मुझे टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे हर समय हर पल जनता के लिए खड़ा रहेंगे। जनसभा को पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड सरकार आदिवासियों और दलित विरोधी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों और दलित विरोधी है। चाहे हेमंत सरकार हो या वर्तमान सरकार, दोनों के कार्यकाल में इन वर्गों के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ। उलटे उनपर अत्याचार बढ़ा है। आदिवासी और दलितों के विकास के लिए मोदी सरकार ने काफी काम किया है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पिछड़ी वर्ग के हित के लिए मोदी सरकार आगे आई है। उनके हित के लिए काफी काम की है। इंडिया गठबंधन पिछड़े वर्ग को मिली आरक्षण की सुविधा पर भी डाका डालने का काम कर रही है। उसने साफ कर दिया है कि सत्ता में आने पर इस वर्ग के आरक्षण में कटौती करेगी और इसका लाभ मुसलमान को देगी।

## गुलाम अहमद मीर का बड़ा बयान, झारखंड में अब नहीं बदले जाएंगे कोई उम्मीदवार

**रांची,एजेन्सी।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने साफ तौर पर अपने कार्यकर्ताओं को कहा है कि गोड्डा के बाद अब किसी भी सीट पर उम्मीदवारों को नहीं बदला जाएगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट जाए।

गौरतलब है कि प्रत्याशियों के नाम के ऐलान के दौरान पहले कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह को टिकट दिया था। बाद में उनके नाम को लेकर कांग्रेस में ही विरोध देखने को मिला, जिसके बाद उनका टिकट काट दिया गया। कांग्रेस ने दीपिका की जगह पर नए प्रत्याशी प्रदीप यादव पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। ऐसे में चर्चा जोरो से थी कि चतरा से के एन त्रिपाठी का पत्ता पार्टी काट सकती है। ऐसे सभी कयासों पर गुलाम अहमद मीर ने आज विराम लगा दिया।



### जिन नामों की घोषणा की गई है वह फाइनल

गुलाम अहमद मीर ने एक इंटरव्यू में कहा कि सवाल का नहीं बल्कि कुल 14 सीटों का है। झारखंड में बीजेपी के खिलाफ मैदान में गठबंधन है। झारखंड में गठबंधन का डायरेक्ट इम्पैक्ट देखा जा रहा है। यहां पर JMM,RJD,लेफ्ट और क्रागेस साथ में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। हमारी पूरी नजर 14 सीट पर है। कोशिश यही है कि 14 में से ज्यादा से ज्यादा सीटे गठबंधन को मिले। कांग्रेस की जहां तक बात है हमारी प्रत्याशी इस बार मैदान में हैं। जिसमें चतरा,गोड्डा, हजारीबाग,धनबाद,लोहरदगा,रांची, खूंटी शामिल है। गोड्डा में उम्मीदवार बदले जाने पर सफाई देते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि खासी वजह की वजह से गोड्डा में उम्मीदवार बदले गए। लेकिन अब किसी भी सीट पर प्रत्याशियों के नाम नहीं बदले जाएंगे। जिन नामों की घोषणा की गई है वह फाइनल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने की ईवीएम-वीवीपैट के 100 फीसदी मिलान की मांग खारिज

## एससी का आदेश, ईवीएम पर ही करना होगा 'विश्वास'

- बैलेट पेपर से चुनाव नहीं,पर कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100 फीसदी क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी। दोनों ने एकमत से फैसला सुनाया। इस केस में 3 पक्ष शामिल थे। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी याचिकाकर्ता, चुनाव आयोग, सरकार और अफसर। केस चुनाव और मतदान से जुड़ा है तो राजनीतिक पार्टियां और आम जनता भी जुड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडीडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।




### प्रधानमंत्री बोले-यह फैसला विपक्ष के मुंह पर तमाचा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के अररिया में चुनावी सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। इन्होंने बैलेट पेपर लूटकर राज किया। ये ईवीएम हटाना चाहते हैं, इनके सपने चूर-चूर हो गए। चुनाव आयोग के अधिकारी ने फैसले के बाद कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालतें 40 बार खारिज कर चुकी हैं।

## सीएम चंपाई से मिले विधायक इरफान अंसारी, कहा- जामताड़ा को नहीं मिल रही है पर्याप्त बिजली



**रांची,एजेन्सी।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इसमें जामताड़ा में बिजली समस्या से अवगत कराया और बताया कि गर्मी काफी बढ़ गई है। बिजली समस्या से आमजन त्राहिमाम है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। इससे लोगों में भारी आक्रोश है और सभी मुझसे शिकायत कर रहे हैं। जामताड़ा एक बड़ा जिला है और लोगों को मुझसे काफी अपेक्षाएं हैं। आए दिन मुझे सभी वर्गों के लोग, छात्र-छात्राएं फोन कर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग करते हैं। शाम होते ही बिजली चली जाती है। शहर में तो बिजली मिल जाती है परंतु ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल पाती।

### सीएम ने विभाग को दिया निर्देश

इरफान ने आगे सीएम से कहा, मैंने यहां के लोगों से वादा किया था कि शहर हो या ग्राम हर जगह पर्याप्त और बराबर बिजली मिलेगी। गांव के लोगों को भी प्रयास बिजली मिले इसे लेकर मैं लगातार प्रयासरत रहता हूं। अब सूबे में आपकी सरकार है तो मैं चाहूंगा कि हमारे जामताड़ा को भी 24 घंटा शहर हो या ग्राम सभी को पर्याप्त बिजली मिले। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभाग के एमडी और सेक्रेटरी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी गरीब और जनता के लिए लगातार संघर्ष करते हैं और लड़ते हैं। जामताड़ा को अधिक से अधिक और पर्याप्त बिजली दी जाए।

## केरल-बंगाल में बंपर वोटिंग महाराष्ट्र और बिहार में 'सुस्ती'

- देश के 13 राज्यों की 88 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.06 फीसदी वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश में सबसे कम 53 फीसदी के आसपास मतदान हुआ। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर



ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही थीं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग संपन्न हो गई है। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हो गई है। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी।

## फ्रांस के जरिए विजय माल्या को वापस लाने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बना शर्त माल्या को प्रत्यर्पित करने की मांग की है। रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए जाकी अगर माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई।

मिशन पंजाब

## 15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से तक रोका

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई। संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।



### पंजाब में मुश्किल में फंसी बीजेपी, किसानों से पार पाना नहीं है

## जम्मू-कश्मीर में रामबन-गूल मार्ग धंसा, 24 घरों में दरारें आईं

- 60 हजार लोगों का मुख्य शहर से संपर्क टूटा, बिजली सप्लाई भी ठप

**रामबन (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में गुरुवार को 5 किलोमीटर लंबे रामबन-गूल मार्ग पर सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इसके चलते पेरनोट इलाके में मौजूद 24 घरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। घरों की दीवारें और फर्श दरक गए। घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा रहवासियों का मुख्य शहर से संपर्क टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद 23 घरों के लोगों का रेस्क्यू किया गया और सभी को सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है। रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा है कि पेरनोट में मेडिकल हेल्प के लिए एंबुलेंस तैनात की गई है, जिससे परेशानी होने पर लोगों को तत्काल इलाज मिल सके। वहीं, सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। कई वाहन फंसे हुए हैं।



## संक्षिप्त

### सोनाहातू बीडीओ ने किया सरकारी योजनाओं का निरीक्षण

**सोनाहातू :** सोनाहातू के प्रखंड बिकास पदाधिकारी खगेश कुमार ने शुक्रवार को सोनाहातू पंचायत समेत कई पंचायतों का दौरा किया। इसी क्रम में सोनाहातू पंचायत अंतर्गत चलने वाले



बिभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधुरे योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। इसके अलावे बिभिन्न बिधालयों में जाकर बुथ सेंटर का जायजा लिए। जहां बिधालय के शिक्षकों से बातालाॅप किए। मौके पर सोनाहातू पंचायत मुखिया बिकास मुंडा, प्रखंड के बड़ाबाबू अभिषेक चैल, पंचायत सेवक सुरेश महतो, रोजगार सेवक संजय प्रामाणिक समेत कई लोग मौजूद थे।

### तीन दिनों से जलापूर्ति ठप ग्रामीणों के समकक्ष जल संकट

**इटकी :** इटकी जल मीनार से पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप है। जिससे ग्रामीणों के समक्ष भारी जल संकट उत्पन्न हो गया है। पेयजल के लिए लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकृत जानकारी के अनुसार पीएचडी विभाग द्वारा जल मिनार में जल संग्रह के लिए आठ डीप बोरिंग लगाये गये है जिसमें रख रखाव के अभाव में छह डीप बोरिंग खराब हो गये है। बताया गया कि दो वोरिंग सूख चुके है जबकि दो में दलदल आ गये है बाकी के मशीन खराब होकर बंद हो गये है। दो बोरिंग से जलमिनार में प्रर्याप्त मात्रा में जल संग्रह नही हो पा रहा है जिससे क्षेत्र में पिछले मंगलवार से जलापूर्ति वाधित हो गया है। जलापूर्ति में आई गड़बड़ी को लेकर लोगो ने विभाग के संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है किन्तु अबतक इस ओर किसी प्रकार की पहल नही की गई है जिससे ग्रामीण विभाग के प्रति लोगों में गुस्सा व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेताया है कि समय रहते क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल नही की गई तो विभाग के विरुद्ध आदोलन के लिए सड़क पर उतर आयेंगे।

### एसएसबी ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**तमाड़ :** प्रखंड स्तिथ मां शारदा गुरुकुल विद्यालय बिरहोर कालोनी और उत्क्रमित उच्च विद्यालय लुंगटू में 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा डुंगरडीह ई समवाय के द्वारा दो दिवसीय स्वच्छ पर्यावरण ही जीवन शैली के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को




प्लास्टिक पर रोकथम व साफ-सफाई के बारे में समझाया गया और सभी के सहयोग से उक्त इलाके के चारो तरफ की साफ-सफाई की गयी। अभियान की समाप्ति भारत माता की जय के साथ किया गया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षक कपिल नागर, उपनिरीक्षक एस इबोमचा सिंह आदि उपस्थित थे।

### जनप्रतिधियों ने आई एच एम ब्राम्बे के प्रचार्य से की मुलाकात

**मांडर :** शुक्रवार को मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और उप प्रमुख अमानत अंसारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ब्राम्बे स्थित आईएचएम गए, इस दौरान उन्होंने प्राचार्य डॉक्टर भूपेश से मुलाकात की तथा संस्थान द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न कार्य क्रमों की जानकारी ली साथ ही वहां के



छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के साथ साथ वहां के बने व्यंजनों का भी आनंद लिया, मौके पर डॉ भूपेश, बेलस टोप्पो, चारों उरांव, गोविंद उरांव मौजूद थे।

# चुनाव को लेकर प्रशासन मुस्तैद, डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान तेज

**इटकी :** इटकी मेंआगामी लोक सभा चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। एक तरफ बुथ अवेयरनेश ग्रुप ने डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर रखा है वही प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्टेटों द्वारा बुथों का निरीक्षण के बाद प्रखंड के 49 मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी को लगभग दूरुस्त कर लिया गया है। साथ ही यहां मतदाता सूची का वितरण व्यापक रूप से घर घर पहुंचाने का अभियान भी चला रखा है। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा का चुनाव होना है। इस बार प्रखंड के कुल 40, 251 हजार मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 20, 026 जबकि 20, 224 महिला मतदाता अपना बोट डालेंगे।मतदाताओं को निर्भिक होकर नैतिक मतदान का प्रयोग कराने के उदेश्य को लेकर प्रशासनिक तंत्र मतदाताओं के समक्ष पहुंचकर किसी भी बहकावे और अन्य प्रलोभन में अपना मताधिकार को प्रयोग नही करने की अपील कर रही है। प्रखंड के सभी बुथ मॉडल बुथ बनाये गये है। वही मतदान के क्रम में पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के साथ उग्रवाद और आसमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। प्रशासन ने प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों में आइएएम वेरिफाईड वोटर संचालन अभियान को भी पुरा कर लिया है। चुनाव में एक भी मतदाता अपने मत का प्रयोग से वंचित न रहे इसके लिए संबंधित अधिकारी सोशल मीडिया हैण्डल्स पर आइएएम वेरिफाईड वोटर हैशटैग अभियान के तहत प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी मतदाताओं को दे रहे हैं। नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा मतदान केन्द्रों पर मतदान के दिन 200 से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया जायेगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र में चार मतदान कर्मियों की तैनाती की जायेगी। बुथों पर मतदान कर्मी और ईवीएम मशीन पहुंचाने के लिए सुरक्षा के समुचित इंतिजाम होंगें।

## मड़मा मे रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक



**मांडर :** मांडर प्रखंड के मुड़मा में रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद की अध्यक्षता में की गई बैठक का मुख्य उद्देश्य रांची जिला के सभी प्रखंडों के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरण करना था, साथ ही वर्तमान चुनावी परिपेक्ष में एक दूसरे के साथ फीडबैक भी लेना था, मौके पर सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन ने मुसलमान के साथ अन्याय किया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र दिया गया जिसमे ओरमांझी से मुबारक अंसारी, अनगडा से रबबानी अंसारी, काके मजहरुल हक, बुडमु गुलशाद, अंसारी, रातू आजाद अंसारी, मांडर असलम अंसारी, चांनहो लतीफ अंसारी, इटकी इमरान अंसारी, खलारी मजीद अंसारी, नगरी मोहम्मद सनाउल्लाह, तमाड़ शमशाद अंसारी, सिल्ली कलाम अंसारी, रा हे नेसार अंसारी, खिजरी वकील अंसारी, नगड़ी मंजूर अंसारी, को प्रमाण पत्र जिला अध्यक्ष शमीम अख़्तर आजाद द्वारा दिया गया, साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया है कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करे। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव कयूम अंसारी, एनुअल अंसारी, शमीम अंसारी उमेदंडा, शमीम अंसारी खलारी, महफूज अंसारी, जब्बार अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अब्दुल हाफिज, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुवाल चाकी में आग लगने से सभी पुवाल जलकर हुआ राख

**सोनाहातू :** सोनाहातू पंचायत अंतर्गत नीमडीह गांव के कोंचा टोली निवासी राधामोहन महतो के पुवाल चाकी में आग लग जाने से लगभग 30 हजार रुपए का पुवाल जलकर राख हो गया। घटना शुक्रवार लगभग 8 बजे सुबह की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिस समय पुवाल में आग लगा उस समय आसपास में कोई नहीं था लेकिन कैसे पुवाल चाकी में आग लग गया यह लोगों के समझ से परे है।आग का रफ्तार इतना तेज था कि लोग बुझा ही नहीं पा रहे थे। हालांकि काफी मुश्किल से आग को बुझाने में सफल हुए। सूचना मिलने पर सोनाहातू मुखिया बिकास मुंडा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। भुक्तभोगियों को अंचल कार्यालय पर जल्द ही आवेदन जमा करने की सलाह देते हुए सरकार की ओर से मुआवजा मिलने की जानकारी दिए।

## सांसद आदर्श ग्राम बना गया पर विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखा
## कांग्रेस की जीत होते ही धरातल पर दिखेगा विकास कार्य : कालीचरण मुंडा

**तमाड़ :** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रड़गांव, बोरडीह, डुगूरूडीह, कुदला, सिंदरी आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का गांवो में भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। सांसद आदर्श ग्राम बना गया लेकिन विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखा गया।



कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर दिखेगा विकास कार्य, यह मेरी गारंटी है। भाजपा की जनविरोधी नीतियो के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा की अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने कांग्रेस के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। लेकिन काम की राजनीति नहीं की। पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है।

## बरगड़ी पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने का लिया गया निर्णय

**मांडर :** पिरामल फाउंडेशन के एस्पिरिनेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के सहयोग से बरगड़ी पंचायत में मुखिया लक्ष्मण भगत की अध्यक्षता में पंचायत को ह्यहमारा संकल्प जीरो ड्रॉपआउट पंचायतह्न बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत के पंचायत सचिव, प्रधान सचिव, वार्ड सदस्य, प्रधान्याध्यापक, स्वयं सहाय्यता महिला, आंगनवाडी सेविका, स्वास्थ सहिया, जल सहिया, एएनएम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक के दौरान उजागर किया गया कि पंचायत में जीरो ड्रॉपआउट को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को जागरूक करने की




आवश्यकता है। ड्राप आउट बच्चों को जल्द से जल्द जोड़ने के लिए शिक्षकों द्वारा स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों को पहचाना जाएगा और डोर-टू-डोर विजिट किया जाएगा। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, उनकी समस्या को हल करने के लिए पंचायत में स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने की बात की गई। स्कूली शिक्षा को मजबूत करने के लिए समय-समय पर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, बालविवाह के असामाजिक प्रचलन को रोकने के लिए समाज में जीरो ड्रॉपआउट कराने की आवश्यकता है। मुखिया लक्ष्मण भगत जी ने कहा की, वंचित छात्र-छात्राओं को अविलम्ब विद्यालय सेजोड़ा जाना चाहिए ताकि सरकार और संस्था का कार्य पूरा हो सके।

## मजदूर दिवस पर नामकुम के सहकारिता मैदान होगा सम्मान समारोह

**नामकुम :** मजदूर दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित चायबगान के सहकारिता मैदान हजारों की संख्या में नामकुम के खिजरी, बरगांवा, कुटियातू सहित अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधियों कि ओर से मजदूर महासम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह सम्मान समरोह समाजसेवी चंद्रभूषण झा के अगवाई में किया जाएगा। उक्त समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कालीनगर स्थित समाजसेवी दुर्गा शंकर झा के आवास पर बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए



आरती कुजूर, रामअवतार रामअवतार केरकेट्टा, आरती सिंह ने बताया कि मजदूर दिवस के अवसर पर दैनिक कर्मी, ऑटो चालक सहित अन्य कर्मियों के लिए सम्मान समरोह का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षा उप निदेशक अरविन्द कुमार झा, पूर्व संयुक्त सचिव आंनद मोहन ठाकुर, पूर्व जिप सदस्य आरती कुजूर, आरती सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक मुण्डा, बरगांवा मुखिया अनिता तिर्की, सुबोध सिंह टनटन, प्रभाष झा, कौशल सिंह की मौजूदगी निर्णय लिया गया।

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,राँची

**चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता**

### आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक–820/OTD, दिनांक–16/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। उक्त के निमित आज दिनांक–25.04.2024 को झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची से लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले ग्रामीण/शहरी पुरूष एवं महिला गृह रक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त सूची जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के सूचनापट् पर चिपका दी गयी है।

लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक, जिनका सूची में नाम है, अविलम्ब जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में दिनांक–26.04.2024 से 30.04.2024 तक अपना आगमन चुनाव ड्यिुटी हेतु कराना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव ड्यिुटी अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील श्रेणी में आता है। चुनाव ड्यिुटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा और इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अतः चुनाव कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब अपना आगमन जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में कराना सुनिश्चित करें।

इस अति आवश्यक समझे।

सूची निम्न प्रकार है:–

| S.N. | NAME |
|---|---|
| 701 | 1197 SAPNA LAKRA |
| 702 | 17299 RAMDEEP SINGH |
| 703 | 3675 ANNU KACHHAP |
| 704 | 3683 VIJAY MUNDA |
| 705 | 3678 KARTIK TIGGA |
| 706 | 1201 ANITA KACHHAP |
| 707 | 1218 SONY TOPPO |
| 708 | 1183 SUSHMA TIRKEY |
| 709 | 1199 RAJNI LINDA |
| 710 | 18280 PAVAN MIRDHA |
| 711 | 1200 PINKI TIRKEY |
| 712 | 3168 AMRENDRA KUMAR |
| 713 | 3588 SUMIT KUMAR |
| 714 | 1230 SANGEETA KUMARI |
| 715 | 1247 PRATIMA KACHHAP |
| 716 | 1244 SAROJ KACHHAP |
| 717 | 1231 BHARTI KUMARI |
| 718 | 1210 PUNAM DEVI |
| 719 | 18277 ANUJ ORAON |
| 720 | 3590 AMAN KUMAR |
| 721 | 3584 SOBIT ROSAN GADI |
| 722 | 3650 SUKRA TIGGA |
| 723 | 1204 MUNNI LAKRA |
| 724 | 3648 AMIT TIRKEY |
| 725 | 1271 KALAVATI DEVI |
| 726 | 3656 BENEDIK TIRKEY |
| 727 | 3672 SASHI KACHCHHAP |
| 728 | 3662 PRAWEEN KACHHAP |
| 729 | 3682 SUDHIR ORAON |
| 730 | 3567 RAJESH KUMAR GUPTA |
| 731 | 1206 SUNITA KACHHAP |
| 732 | 1265 PRIYANKA GARI |
| 733 | 3610 BAIJNATH KUMAR |
| 734 | 3553 RAVI RANJAN KUMAR |
| 735 | 1223 PREETY TIGGA |
| 736 | 1195 SANDHAYA KUMARI |
| 737 | 1184 RESHMI GARI |
| 738 | 1217 AMRITU KUMARI |
| 739 | 3571 ANUP KUMAR |
| 740 | 1220 MADHU KACHHAP |
| 741 | 3688 RAJU GOPE |
| 742 | 3664 ROHIT KUMAR PRADHAN |
| 743 | 3641 AMIT KACHHAP |
| 744 | 3640 BIMAL TIRKEY |
| 745 | 1235 SONY DEVI |
| 746 | 3677 SANDEEP MAHTO |
| 747 | 16871 PATRAS KACHHAP ORAON |
| 748 | 18318 VIJAY ORAON |
| 749 | 18317 SHAMBHU SINGH |
| 750 | 18214 SANDEEP KUMAR SINGH |
| 751 | 18288 NITESH GOPE |
| 752 | 16952 DINESH THAKUR |
| 753 | 18245 PARMESHWAR ORAON |
| 754 | 18251 PARANA ORAON |
| 755 | 18321 DASHU ORAON |
| 756 | 18250 SURESH ORAON |
| 757 | 18248 PRADEEP ORAON |
| 758 | 18515 NITU ORAON |
| 759 | 18207 MARIYANUS BARLA |
| 760 | 18290 MANOJ TIGGA |
| 761 | 18323 RAJESH KUMAR GOPE |
| 762 | *18362 WASI AKARAM* |
| 763 | 18291 SANJAY GOPE |
| 764 | 18257 BIJAY ORAON |
| 765 | 18258 VISARAM ORAON |
| 766 | 1198 PUSAN HEMROM |
| 767 | 18259 CHETAN RAM |
| 768 | 18306 BUDHVEER ORAON |
| 769 | 18324 SANJAY KUMAR VERMA |
| 770 | 17681 JAGARNATH MINJ |
| 771 | 18315 DEVANAND MAHTO |
| 772 | 18255 SOME ORAON |
| 773 | 1253 PINKI KACHHAP |
| 774 | 16067 AYATA KISPOTTA |
| 775 | 18256 RAJESH ORAON |
| 776 | 18260 SHIV SHANKAR SAHU |
| 777 | 18244 BUDHRAM MAHALI |
| 778 | 18265 MANGALDEV MAHTO |
| 779 | 18254 DILIP KISPOTTA |
| 780 | 18243 SAHBIR SAHU |
| 781 | 18238 SATYANARAYAN GOPE |
| 782 | 18253 DILIP KUMAR BAITHA |
| 783 | 18264 ANAND ORAON |
| 784 | 18319 VISHWANATH ORAON |
| 785 | 18212 SUKRA ORAON |
| 786 | 18224 AMIT DHAN |
| 787 | 18221 BINOD BHAGAT |
| 788 | 18328 SANJEET SINGH |
| 789 | 18329 MUKESH MAHTO |
| 790 | 18327 ARUN MAHTO |
| 791 | 18262 MURSID ANSARI |
| 792 | 18320 BANDHANU ORAON |
| 793 | 18205 KONDA MANJHI |
| 794 | 18220 MORIS BARLA |
| 795 | 18365 SUKRA ORAON |
| 796 | 18215 ANIL BARLA |
| 797 | 18366 DURGA MUNDA |
| 798 | 18208 DINESH ORAON |
| 799 | 18217 BIRSA MUNDA |
| 800 | 18307 JAYANT KERKETTA |
| 801 | 18311 VIJAY SINGH |
| 802 | 18222 KARAMCHAND KUJUR |
| 803 | 18226 TURIA ORAON |
| 804 | 18218 VINAY ORAON |
| 805 | 18526 ASHISH KUMAR BARAIK |
| 806 | 18209 DEVENDRA ORAON |
| 807 | 18210 VISHAL ORAON |
| 808 | 18514 SUBANTI KUMARI |
| 809 | 18294 ANUP XALXO |
| 810 | 18300 SANU KUJUR |
| 811 | 18316 SNNCHARWA ORAON |
| 812 | 18305 SATISH TIRKEY |
| 813 | 18326 PRAVIN KACHCHHAP |
| 814 | 18298 TABREJ ANSARI |
| 815 | 18286 SONU ANSARI |
| 816 | 3658 PRAVIN KUMAR |
| 817 | 1193 REENA KUMARI |
| 818 | 3065 SHATRUDHAN KUMAR |
| 819 | 1189 ARTI KUMARI |
| 820 | 18367 RAM VACHAN MUNDA |
| 821 | 3671 CHHOTU MUNDA |
| 822 | 17362 CHOTTAN ORAON |
| 823 | 3555 AJIT KUMAR |
| 824 | 3544 SANJEEV KUMAR |
| 825 | 18229 BABLU GANJHU |
| 826 | 18230 SANDIP YADAV |
| 827 | 1219 ANU GARI |
| 828 | 1203 SANGEETA KUMARI |
| 829 | 1211 PURNIMA TIRKEY |
| 830 | 1248 NEELAM NEHA LAKRA |
| 831 | 1240 MADHURI DEVI |
| 832 | 3642 ANIL KUMAR |
| 833 | 3629 SUMIT KACHHAP |
| 834 | 15907 JAGDISH SAHU |
| 835 | 16260 KRISHNA MUNDA |
| 836 | 1239 SUNITA GARI |
| 837 | 16623 HARI BASANT SAHU |
| 838 | 16189 GHUMESHWAR MAHTO |
| 839 | 15917 JAGDISH MUNDA |
| 840 | 15089 JAYPAL SINGH MUNDA |
| 841 | 15818 RAVIN MAHTO |
| 842 | 15128 NITAI MAHTO |
| 843 | 15412 KARN MAHTO |
| 844 | 15261 DABLU MAHTO |
| 845 | 18173 CHAMRA MAHTO |
| 846 | 18011 DINESH KUMAR MAHTO |
| 847 | 17412 DHAN SINGH LOHRA |
| 848 | 16773 DUKHU PATAR |
| 849 | 3655 JAGMOHAN MAHTO |
| 850 | 16418 SUKHDEV MAHTO |
| 851 | 15163 BISHESHWAR MAHTO |
| 852 | 14841 SARJU PARSAD MAHTO |
| 853 | 18171 PARMESHWAR MAHTO |
| 854 | 3645 PRAMOD KUMAR MAHTO |
| 855 | 17366 TRIBHUVAN MAHTO |
| 856 | 17841 DAMRUDHAR MAHTO |
| 857 | 16793 LALDEV MAHTO |
| 858 | 17396 VISHNU CHARAN MAHTO |
| 859 | 17669 NARAYAN BHOGTA |
| 860 | 17938 INDR MAHTO |
| 861 | 15238 RAMESHWAR MAHTO |
| 862 | 3580 RAJESH MAHTO |
| 863 | 14917 JAGARNATH MAHTO |
| 864 | 18174 DIPAK MUNDA |
| 865 | 15777 RAM MOHAN MAHTO |
| 866 | 1068 BINDESHWARI DEVI |
| 867 | 15220 UDAY NATH MAHTO |
| 868 | 17932 KHAGENDRA NATH MAHTO |
| 869 | 17982 RAM TAHAL MAHTO |
| 870 | 15369 MAGAN CHANDRA LOHRA |
| 871 | 15851 KARAM SINGH MAHTO |
| 872 | 1245 BINDU DEVI |
| 873 | 1246 RENUKA DEVI |
| 874 | 1191 NISHA KUMARI |
| 875 | 3542 ASHISH KUMAR JHA |
| 876 | 3615 SATYENDRA SINGH |
| 877 | 18360 DIPK MUNDA |
| 878 | 18355 SANDEEP MUNDA |
| 879 | 3492 PREM SHANKAR PANDAY |
| 880 | RAJANISH KUMAR |
| 881 | 18349 JUGAL MUNDA |
| 882 | 18363 RAM KUMAR MAHTO |
| 883 | 3306 MADAN LOHRA |
| 884 | 941 MANJU DEVI |
| 885 | 16925 RAMCHANDRA MAHLI |
| 886 | 18350 ANU MUNDA |
| 887 | 3559 SUDHIR KUMAR PANDEY |
| 888 | 1186 NITU KUMARI |
| 889 | 17100 RAJESHWAR BEDIA |
| 890 | 18356 MD HAIDER ALI |
| 891 | 2987 BIRENDRA KUMAR |
| 892 | 16945 ARJUN BEDIA |
| 893 | 1262 ANIMA TOPPO |
| 894 | 17101 GANESH BEDIA |
| 895 | 18361 ABDUL MAJID |
| 896 | 3711 NARENDRA KUMAR CHAUDHRI |
| 897 | 1185 MANJU DEVI |
| 898 | 1213 MOTI TIRKEY |
| 899 | 1260 PUJA KUMARI SAHU |
| 900 | 3546 PREM KUMAR |
| 901 | 3153 DAMODAR KUMAR |
| 902 | 3404 PARBHAT KUMAR |
| 903 | 3125 SIMPU KUMAR |
| 904 | 3647 VISHAL KUMAR |
| 905 | 3681 SUJIT GADI |
| 906 | 3540 SANJIV KUMAR SHARMA |
| 907 | 3618 SANTOSH KUMAR SHARMA |
| 908 | 3072 RAVI RANJAN KUMAR |
| 909 | 3089 PANKAJ KUMAR |
| 910 | 3095 AHSAN ANSARI |
| 911 | 3705 RAJIV PRABHAT |
| 912 | 3557 ARSHAD ANSARI |
| 913 | 16757 PREMANAND MAHTO |
| 914 | 16757 PREMANAND MAHTO |
| 915 | 16113 RAM KRISHN MAHTO |
| 916 | 16162 ABHINATH MAHTO |
| 917 | 17022 RAMESHWAR SINGH MUNDA |
| 918 | 15584 VISHESHWAR MAHTO |
| 919 | 16765 SHAYAM KANT THAKUR |
| 920 | 16120 CHAHWAR MAHTO |
| 921 | 3617 CHANDRAKANT VISHWAKARMA |
| 922 | 18240 YOGENDRA KUMAR |
| 923 | 3601 RAVINDER KUMAR |
| 924 | 3547 DIPAK KUJUR |
| 925 | 1059 SUMIRA ORAON |
| 926 | 1027 KESAV KUMARI |
| 927 | 1129 GRES TIRKI |
| 928 | 1079 SAVITA KUMARI |
| 929 | 3646 ROHIT KUMAR |
| 930 | 17399 BUDHAN LAL MACHUA |
| 931 | 18225 MANGAL MUNDA |
| 932 | 17703 PARESH SINGH MUNDA |
| 933 | 950 SUNITA TIRKEY |
| 934 | 3044 SANTOSH MAHTO |
| 935 | 3398 TRILOCHAN MAHTO |
| 936 | 17297 BHAGWAN OJHA |
| 937 | 17427 JHAGRU MAHLI |
| 938 | 18384 RITA TIRKEY |
| 939 | 3477 UJAWAL KUMAR |
| 940 | 18267 GANESH ORAON |
| 941 | 3121 SAIYAD GULAM RABBANI |
| 942 | 929 SANJU SARSWATI |
| 943 | 1226 SITA KACHHAP |
| 944 | 1031 SUNITA DAS |
| 945 | 18490 GANDUR KUMARI |
| 946 | 18270 MANOJ BAITHA |
| 947 | 958 MANORMA DEVI |
| 948 | 15253 KAMAL HAZAM |
| 949 | 18308 BIRSA MUNDA |
| 950 | 18312 BINOD ORAON |
| 951 | 1180 LAXMI KUMARI |
| 952 | 3305 MD GYASHUDDIN ANSARI |
| 953 | 1194 SONI LAKRA |
| 955 | 1081 SUMITRA KACHHAP |
| 957 | 1140 SUNITA KACHCHHAP सुनिता कच्छप |
| 958 | 3643 ABNISH KUMAR |
| 959 | 1264 KAVITA KERKETTA |
| 960 | 18419 SUMATI KUMARI |
| 961 | 18379 SUHANI KACHHAP |
| 962 | 3203 AJAY KUMAR |
| 963 | 18492 TULAWATI DEVI |
| 964 | 3209 HARI KISTO MAHTO |
| 965 | 3385 RAJ KUMAR |
| 966 | 1222 ANUPRIYA TIRKEY |
| 967 | 18412 SUNITA TIRKEY |
| 968 | 18434 SANDHYA TUTI |
| 969 | 15459 DEVENDRA MAHTO |
| 970 | 18285 DAUD XALXO |
| 971 | 3657 AMIT KUMAR |
| 972 | 17429 DILESHRWAR MAHTO |
| 973 | 18524 SUNDRI MINJ |
| 974 | 3633 DHEERAJ KUMAR |
| 975 | 3090 ARVIND KUMAR |
| 976 | 9020 GEETA DEVI |
| 977 | 3092 RANJIT KUMAR |
| 978 | 18394 SARITA DEVI |
| 979 | 16171 BALI LOHARA |
| 980 | 1275 KIRAN BANDO |
| 981 | 18378 RANJITA ORAON [ kumari ] |
| 982 | 17599 KHAGESHWAR MAHTO |
| 983 | 17305 GURUDEV MAHLI |
| 984 | 17824 DHANESHRWAR MUNDA |
| 985 | 17427 JHAGRU MAHLI |
| 986 | 3592 AJAY KUMAR |
| 987 | 16507 RAJO PASWAN |
| 988 | 14863 NARESH CHANDRA MAHTO |
| 989 | 15162 NARSINGH MAHTO |
| 990 | 3399 RITESH KUMAR PRINCE |
| 991 | 16755 PUSHKAR MAHTO |
| 992 | 3170 ATISH KUMAR |
| 993 | 15217 NAND LAL MAHTO |
| 994 | 18521 FULMANI KUMARI |
| 995 | 18271 RANJEET ORAON |
| 996 | 16851 PANCHU MAHLI |
| 997 | 3109 RAVINDER KUMAR |
| 998 | 3427 JAYDHAN SOREN |
| 999 | 16050 MANSUR ANSARI |
| 1000 | 2706 SANJIV RANJAN SINGH |
| 1001 | 967 TUNI TOPPO |
| 1002 | 1064 SITA KUMARI |
| 1003 | 1082 RENUKA DEVI |
| 1004 | 1000 SUSHILA KUMARI |
| 1005 | 1065 SUNITA TIRKEY |
| 1006 | 1276 JYANTI GARI |
| 1007 | 15880 SUDHIR MUNDA |
| 1008 | 15449 SANTOSH SUKHUDHAN |
| 1009 | 15410 BASUDEV MAHTO |
| 1010 | 16486 SURESH RAY |
| 1011 | 16862 KAMESHWAR MAHTO |
| 1012 | 16896 SAGAR MUNDA |
| 1013 | 16769 KHAGENDRA NATH MANJHI |
| 1014 | 16784 GHIRITH NATH MAHTO |
| 1015 | 2947 RADHE SHYAM MAHTO |
| 1016 | 3637 ABHISHEK KUMAR |
| 1017 | 3708 DHIRENDRA KUMAR |
| 1018 | 3518 KRISHN MOHAN KUMAR |
| 1019 | 3235 GOPAL KUMAR |
| 1020 | 3195 NURUL HAQUE |
| 1021 | 17863 RATAN SINGH MUNDA |
| 1022 | 17311 BIRA ORAON |
| 1023 | 1091 REKHA DEVI |
| 1024 | 1150 SARITA MINZ |
| 1025 | 1175 PUNAM GARI |
| 1026 | 14941 KUSHAL MAHTO |
| 1027 | 14635 NANDO MAHLI |
| 1028 | 17985 BHAGIRATH MAHTO |
| 1029 | 985 ANJALI KUJUR |
| 1030 | 939 LALITA GUPTA |
| 1031 | 911 SAVITRI DEVI |
| 1032 | 949 SHARMILA DEVI |
| 1033 | 863 MAGADALI GARI |
| 1034 | 2951 RAJENDRA PRAMANIK |
| 1035 | 2866 SURENDRA SAW |
| 1036 | 2862 MANOJ KUMAR |
| 1037 | 2934 RAJESH TOPPO |
| 1038 | 2843 SHYAMLESH PANDE |
| 1039 | 2467 SURENDRA RAY |
| 1040 | 2948 UMESH KUMAR |
| 1041 | 2747 RAJ KISHOR SAH |
| 1043 | 2752 RAMAKANT KUMAR |
| 1044 | 2839 SANTOSH KUMAR SINGH |
| 1045 | 2741 YOTENDRA SINGH |
| 1046 | 2927 ANANDI KUMAR |
| 1047 | 3469 BATESH KUMAR SHARMA |
| 1048 | 3129 RAJESH KUMAR |
| 1049 | 3674 ALOK KUMAR |
| 1050 | 3579 ARBIND KUMAR |
| 1051 | 3614 VICKEY KUMAR |
| 1052 | 3288 BIRENDRA KUMAR |
| 1053 | 3431 SUNIL KUMAR OJHA |
| 1054 | 3538 MITESH KUMAR |
| 1055 | 3155 MANTOSH KUMAR |
| 1056 | 3676 HEMANT MAHTO |
| 1057 | 3690 ROCKEY KUMAR |
| 1058 | 3504 RAMA SANKAR SINGH |
| 1059 | 3691 MANISH KUMAR |
| 1060 | 3143 SHSHI BHUSHAN PRASAD |
| 1061 | 3313 ISHWAR SAHU |
| 1062 | 3392 SONA RAM MAHTO |
| 1064 | 3390 VIJAY RAM |
| 1065 | 3330 NAKUL SAHU |
| 1066 | 3190 SACHIN SINGH |
| 1067 | 3616 SHANKAR SAW |
| 1068 | 3210 SHANKARDAYAL SINGH |
| 1069 | 3378 MRITUNJAY KUMAR SINGH |
| 1070 | 3424 BHOLA KUMAR |
| 1071 | 3368 MRITUNJAY KUMAR |
| 1072 | 3386 DINESH KUMAR |
| 1073 | 3482 RANJAN PATHAK |
| 1074 | 3297 DAYASHANKAR CHOUDHARY |
| 1075 | 3607 MANISH KUMAR |
| 1076 | 3695 SANJAY KUMAR |
| 1077 | 3652 CHINTAHARAN SHARMA |
| 1078 | 18449 MAMTA ORAON |
| 1079 | 2729 AMIT KUMAR MAHTO |
| 1080 | 17068 HARDEV MAHTO |
| 1081 | 3246 SHASHI BHUSHAN PANDEY |
| 1082 | 3174 ASHOK OJHA |
| 1083 | 3373 VINOD KR. DUBE |
| 1084 | 3137 VIJAY KUMAR |
| 1085 | 3413 UDAY NARAYAN PRASAD |
| 1086 | 3108 AJAY KUMAR SAHU |
| 1087 | 3513 PRABHAT KUMAR |
| 1088 | 3236 RANJIT KUMAR |
| 1089 | 15149 RAMESH CHANDRA MAHTO |
| 1090 | 15914 ANISH ASARAF |
| 1091 | 15111 GUHI RAM KUMHAR |
| 1092 | 15981 ROSHAN BADA |
| 1093 | 15904 SUDARSHAN SINGH |
| 1094 | 3531 TONI RAM |
| 1095 | 18471 PHULMANI TIRKEY |
| 1096 | 15245 SHANKAR MAHTO |
| 1097 | 15335 GORAKHNATH KACHHAP |
| 1098 | 15385 BUDHARAM MAHLI |
| 1099 | 15585 PRAYAG MAHTO |
| 1100 | 15408 DINESH LOHRA |

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,राँची

PR 324128 Police(24-25).D

# आज से शुरू होगा नामांकनज अधिसूचना के मुद्दे पर डीसी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा

## यूनिक होंगे 14 महिला और 6 दिव्यांग बूथ, लगेंगे गोलगप्पे और आइसक्रीम के ठेले



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नामांकन 27 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। उक्त बातों की जानकारी शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि 3 मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 4 मई को स्क्रुटनी होगी, 6 मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। 20 मई को लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा और 4 जून को मतगणना के बाद यह प्रक्रिया खत्म होगी। 20 में को चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टी को रामगढ़ कॉलेज परिसर में 19 मई को ईवीएम उपलब्ध कराया जाएगा। रामगढ़ जिले में सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान चलेगा। मतदान के बाद हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा किए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार और निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता मौजूद थे।

### घर में बैलेट से डलवाया जाएगा 43 असहायों का मतदान

रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए अनूठी योजना चलाई गई है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वैसे मतदाता जिनकी उम्र काफी अधिक है या फिर वे दिव्यांग हैं। वे किसी भी परिस्थिति में मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो उनके घर पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। रामगढ़ जिले में 43 ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। चुनाव कार्य में लगी टीम वैसे मतदाताओं के घर जाकर बैलेट से मतदान प्रक्रिया पूरी कराएगी।

### प्रवासी मजदूर वोट देने के लिए पहुंचेंगे घर

डीसी ने बताया कि रामगढ़ जिले के 10000 से अधिक मतदाता दूसरे जिले या राज्य में काम कर रहे हैं। इसकी सूची श्रम विभाग की ओर से दी गई थी। बीएलओ के द्वारा भी प्रवासी मजदूरों को चिन्हित किया गया था। इनमें से 3000 से अधिक मतदाता वोट डालने के लिए 20 मई से पहले अपने घर पहुंच रहे हैं। यह अभी तक का आंकड़ा है, इसमें और भी इजाफा हो सकता है। कई लोगों ने कार्यालय में ईमेल किया है और कई लोगों ने फोन से टिकट बुक करने की बात कही है।

### एसएसटी और एफएसटी हुआ सक्रिय

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि स्टेटिक स्क्वाड टीम और फ्लाइंग स्क्वायड टीम अधिसूचना जारी होने के साथ ही सक्रिय हो गए हैं। रामगढ़ जिले के प्रवेश मार्ग पर स्टेटिक स्क्वायर टीम ने जांच शुरू कर दी है। पतरातू प्रखंड में ताराटांड़ और पालू, रामगढ़ प्रखंड में बनखेता, गोला प्रखंड में चौपादारू, दुलमी प्रखंड में कुल्ही और मांडू प्रखंड में थाना के समीप चेकनाका बना कर वाहनों की जांच की जा रही है। कहीं भी चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब वह अन्य चीजों का प्रलोभन दिया जा रहा है, तो उसकी सूचना मिलते ही फ्लाइंग स्क्वायड टीम कार्रवाई करेगी।

### 14 महिला बूथ और 6 दिव्यांग बूथ में मिलेगा गोलगप्पा व आइसक्रीम

डीसी ने बताया कि 20 मई को मतदान होना है। जिले में यूनिक मतदान केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। इसमें 14 महिला बूथ और 6 दिव्यांग बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महिला बूथ पर महिला सुरक्षा कर्मी और महिला पोलिंग पार्टी ही मौजूद रहेगी। इसके अलावा वहां मटके में पानी, शौचालय, टेंट आदि की व्यवस्था होगी। साथ ही उन बूंथों से 200 मीटर दूर गोलगप्पे और आइसक्रीम के ठेले भी लगाए जाएंगे। यूनिक बूथ के पास मेले जैसा माहौल होगा। 6 दिव्यांग बूथ के पास भी सारी व्यवस्था होगी। वहां व्हीलचेयर, रैम्प, शौचालय, पेयजल, अटेंडेंट के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। उन स्थानों पर छांव के लिए टेंट भी लगाए जाएंगे।

### 80 वर्ष से अधिक वालों को गाड़ी में पहुंचाया जाएगा मतदान केंद्र

80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग या दिव्यांग व्यक्ति जो मतदान केंद्र पर पहुंचने में समर्थ नहीं होंगे, उन्हें बाकायदा गाड़ी पर बिठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। डीसी ने बताया कि मतदान केंद्रों के पास छोटी गाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आसानी से लोगों को उनके घर से लाया जा सके। बीएलओ को इसकी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वैसे लोगों को चिन्हित करके वे पहले से रखें।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# 18 वर्षों से फरार लाल वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को 18 वर्षों से फरार लाल वारंटी प्रदीप साव को पकड़ने में वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस सफल रही। इस संबंध में एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव निवासी प्रदीप साव कुज्जू स्थित एक फैक्ट्री में काम कर रहा है। वहां वह कई वर्षों से छुप कर रह रहा है। प्रदीप के खिलाफ थाने में कांड संख्या 175/2016 दर्ज है। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 337, 427, 504 के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में उसके खिलाफ लाल वारंट जारी हुआ था। एसपी के निर्देश पर वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने टीम गठित कर प्रदीप साव को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया है। छापामारी दल में बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, सब इंस्पेक्टर संजय बेदिया सहित बेस्ट बोकारो के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन

**ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हमारे बच्चे नहीं कर सकतेःहरजाप सिंह**



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 के द्वारा कराई गई। ओरिगामी वह कला है, जिसमें पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। पेपर फोल्ड कर तरह-तरह की आकृतियां बनाने वाले कलाकार को पेपर फोल्डर कहते हैं। जिसका अर्थ है कि वस्तु की गुणवत्ता या व्यक्ति की क्षमता पर्याप्त रूप से उच्च है। ओरिगामी शब्द जापान में पुराने दस्तावेजों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। विद्यालय के बच्चों ने इस कला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सब ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।

### बच्चों ने नए-नए रूपों को नया आकार दिया

इस कला को कक्षा 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं के अनुसार नए-नए रूपों को नया आकार दिया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनके हौसले को यूं ही बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हमारे बच्चे नहीं कर सकते।

### ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अभाविप करेगा बूथ स्तर पर बैठक

**मतदान कर हम सरकार नहीं बल्कि भारत की दिशा तय करते हैंःनिखिल रंजन**







**रामगढ़।** हमारा एक वोट केवल सरकार नहीं बनाता, बल्कि वह भारत की दिशा तय करता है। यह बात शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ने कही। अभाविप की रामगढ़ जिला शाखा ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए बैठक का आयोजन होटल मिलन में किया था। इस मौके पर निखिल रंजन ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा। हम अपने वोट से यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत के भविष्य एवं विकास की गति क्या होगी। प्रत्येक चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी ने भारत के नागरिकों की लोकतंत्र में आस्था को सिद्ध किया है। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक शुभम गिरी ने की। बैठक में रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार एवं जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**बूथ स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएगा अभाविप :** बैठक में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। नगर अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि सरकार पर सवाल उठाने से अच्छा है हम अपने मतों का उपयोग कर निर्णय खुद करें। मत का उपयोग लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है। जिला संयोजक शुभम गिरी ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अभियान समिति का गठन एक-दो दिन में किया जाएगा जिसमें आभियान के जिला संयोजक, नगर संयोजक, प्रखंड अभियान संयोजक के रूप में सभी को दायित्व सौंपा जाएगा। पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर तक समिति का विस्तार किया जाएगा। मतदाता जनजागरण अभियान के नियमित छोटी बैठक 300 करने का लक्ष्य है।

# चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**एग्यारकुंड।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर शुक्रवार को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 20 स्थित कापासारा के काली मंदिर प्रांगन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया व वोट फार बेटर इंडिया के साथ में लोगों ने लोकसभा के महापर्व में आओ मतदान करें का संकल्प भी लिया।मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता कौशिक मित्रा,सीआरपी टुम्पा मंडल,सुपरवाइजर अमर दास,ओंकार नाथ श्रीवास्तव,बैजू साव,चिन्मय बनर्जी,अनुप कुमार आदि थे।

# 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चुनाव प्रचार करने पहुंचे मनीष जायसवाल गोला प्रखंड, चलाया जनसंपर्क अभियान





## मोदी की गारंटी को करें स्वीकार, तीसरी बार बनाए मोदी सरकारःमनीष



**गोला।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी भी लगातार जनता के बीच घूम रहे हैं। लेकिन उत्साह से भरे भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल की स्ट्राइक से विपक्षी खेमा गोटियों की तरह बिखरा हुआ नजर आ रहा है। मनीष जायसवाल शुक्रवार को 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चुनाव प्रचार करने रामगढ़ के गोला प्रखंड में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जनता के साथ तो संवाद किया ही। लेकिन पेड़ के नीचे कैरम बोर्ड खेल रहे कुछ युवाओं के साथ भी उन्होंने चंद पल बिताए। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य और अपनी कर्मठता पर इतना भरोसा है कि वे चुनाव प्रचार से अलग होकर अपने मनोरंजन का साधन भी ढूंढ लेते हैं। चुनाव प्रचार के कई रंग आम जनता ने देखे हैं। लेकिन घर-घर जाकर मनीष जायसवाल का लोगों से आशीर्वाद मांगना स्पष्ट कर रहा है कि हजारीबाग का चुनाव इंडिया गठबंधन पर भारी पड़ने वाला है।

### 11 पंचायत के 18 गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के 11 पंचायत के 18 गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व.दशरथ महतो चौक से शुरू हुआ उनका अभियान कई गांव से होकर गुजरा। इसमें हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाजारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाजार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाजार और चाडी हेरमदग्गा शामिल हैं।

### मोदी की गारंटी को करें स्वीकार, तीसरी बार बनाए मोदी सरकार

चुनाव प्रचार के दौरान मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता मोदी की गारंटी को स्वीकार करें और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देखा जा रहा है। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देश वासियों का मान- सम्मान बढ़ाया है।

### जनसंपर्क अभियान में ये थे शामिल

जनसंपर्क अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिप सदस्य जलेश्वर महतो व सरस्वती देवी, प्रमुख गीता देवी, पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ नेता प्रो. संजय सिंह, मनोज महतो, मंडल अध्यक्ष बबलू साव, महामंत्री जितेंद्र साहू, विकास मणि पाठक, आजसू के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, सचिव नित्यानंद महतो, गोविंद मुंडा, मुन्ना कुशवाहा, युवा नेता पीयूष चौधरी, भाजपा नेता रंजन सिंह फौजी, पंचम चौधरी, अजय ओझा, विजय ओझा, एहशानुल हक, सरदार अनमोल सिंह, वसुध तिवारी, विजय जायसवाल, आजसू नेता मुकेश महतो, महेश करमाली, अशोक बेदिया, बबलू करमाली, राजू महतो, महेश्वर महतो, हुप्पू मुखिया प्यारेलाल महतो, हरेकृष्ण महतो, सिकंदर शर्मा, बिंदेश्वर महतो, ममता सोनी, दीपक मुंडा, उज्जवल चक्रवर्ती, ललन कुशवाहा, देवंती देवी, जीतलाल मुंडा सहित अन्य शामिल थे।

# झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास, 60000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** विधवा को शादी का झांसा देकर 5 वर्षो तक यौन शोषण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी परमेश्वर यादव पिता विष्णु यादव उर्फ शिवम यादव, घरमुंडा जयनगर जिला-कोडरमा निवासी को 376 ( आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने ?30000 का जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी । होगी। वही 420 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 30000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ



साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 255/ 2018 एवं स्त्र- 93/2018 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 5 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दशरथ यादव ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

इसे लेकर भुक्तभोगी महिला ने मामला दर्ज कराया था । आवेदन में कहा था कि उसके पति की मृत्यु 13 वर्ष पूर्व हो गई थी। पति की मृत्यु के उपरांत उसे,उसके बच्चे के परवरिश में काफी परेशानी आ रही थी । जिसकी वजह से वह गांव और आस-पड़ोस में मजदूरी करने लगी। इसी दौरान परसाबाद टेंट हाउस में भी उसे मजदूरी का काम मिला। और एक दिन एकांत पाकर उसके साथ परमेश्वर यादव जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जब वह विरोध की तो कहा कि तुझसे शादी कर लेंगे। वह अभी कुंवारा है। लेकिन किसी से अभी कहना नहीं। इस प्रकार वह बराबर बुलाता और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता इसी प्रकार हुआ 5 वर्षों तक यौन शोषण करता रहा। एक दिन वह उससे टेंट में पैसे की जरूरत बोलकर ?30000 ले लिया और वापस नहीं किया। इसी दौरान वह प्रेग्नेंट भी हो गई। जिसे बाद में वह एक प्राइवेट डॉक्टर से येवोरसन करवा दिया। जब वह शादी के लिए दवाब बनाने लगी तब जाकर वह एक दिन बताया कि वह शादीशुदा है। उसके बच्चे हैं। मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता । वह और दबाव बनायी तो उसे मारपीट कर भगा दिया और कहा जो करना है कर लो। महिला ने आरोपी के विरुद्ध आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

## सर्विस सेंटर जनता गैरेज सह गृह प्रवेश त्री दिवसीय यज्ञ शुभारंभ के साथ किया गया





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड अंतर्गत तेतरौन परसाबाद मुख्य मार्ग के बीच अंबाडीह भदानी पेट्रोल पंप के बगल सर्विस सेंटर जनता गैरेज का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर आचार्य विष्णुकांत शास्त्री के मंत्रोचारण के द्वारा करवाया गया,। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। जिप सदस्य ने मौके पर कहा कि इस तरह के पूजा पाठ होने से क्षेत्र में सुख-शांति आती है। कलश यात्रा में 51 कलश यात्रियों ने कलश उठाकर उत्तर वाहिनी बराकर नदी घाट गए ।मौके पर सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर कार्तिक यादव, वरिष्ठ नेता महावीर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश पंडित, सतीश यादव, केदार यादव, बाबूलाल यादव, बसंत यादव, शमशेर अंसारी, जीवलाल यादव, रामदेव यादव शंकर यादव सावित्री देवी सुमन देवी संगीता देवी सोनाली कुमारी उमा कुमारी, सीता देवी सचिन यादव सहदेव यादव अर्चित सोनू शिवम मन यू केशवआदि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 10000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** आपसी विवाद में षडयंत्रकर एक विधवा महिला की हत्या कर लाश छुपाए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी रंजीत कुमार महतो, करौजिया, चंदबारा, जिला-कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?10000 जुर्माना लगाया। वही न्यायालय ने 201 आईपीसी में 2 वर्ष की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 90/ 2020 दर्ज किया गया था। अभियोजन का



संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिंह व मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया । कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त रंजीत कुमार महतो करौजिया, थाना चंदवारा निवासी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वही चार अन्य को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया । इसे लेकर अशोक कुशवाहा पिता स्वर्गीय हरिशरण ने चंदवारा थाना में एक आवेदन देकर कहा था कि उसका ससुराल चंदवारा के करंजिया में है। उसका दो साला और एक साली जोधपुर में रहते हैं। उन्होंने फोन कर बताया कि उसकी मां मासोमात फुलवा देवी जो करौंदिया में रहती है, से 29/08/2020 को बात हुई थी उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। तब जाकर उसके द्वारा करौजिया गांव में लोगों को फोन कर पता करने का प्रयास किया। तो ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिन से फुलवा देवी को किसी ने नहीं देखा है। तब उसे शक हुआ और उनके द्वारा अपने साले और साली को इसकी सूचना दी। तब उन लोगों ने बताया कि उसके चाचा-चाची से ईन लोगों का जमीन का विवाद चलता आ रहा है। उन लोगों के द्वारा कई बार जान मारने की धमकी दिया गया था। उसके बाद वह ग्रामीणों के साथ 03/09/2020 को करोजीया अपने ससुराल पहुंचे। तो देखें कि उनके ससुराल का दरवाजा का बाहर से कुंडी लगा हुआ है। फिर कुंडी खोलकर सभी कमरों को देखा तो सास कहीं नहीं नजर आई । इस द्रव्यमान बरामदा पर खून का निशान देखा गया। लीपापोती कर खून को मिटाने का प्रयास किया गया है। और बगल के रूम में खून से सना हुआ जूट का बोरा दिखा जो आधा जला हुआ था। वही बगल के मिट्टी के घर में खून से पोछा कपड़ा जला हुआ पाया गया। तब उसे शक हुआ कि उसकी सास फुलवा मासूमत का घर में ही हत्या कर शव को कहीं छुपा दिया गया है। इसके बाद अशोक महतो के द्वारा बालेश्वर महतो, रंजीत कुमार महतो, संजय महतो, मंदोदरी देवी, कल्याणी देवी, सहित अन्य लोगों पर उसकी सास की हत्या कर लाश छुपाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था और आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

## हाथियों का उत्पात थम नहीं रहा है ग्रामीण भयभीत सुरक्षा की कर रहे मांग



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड के पंचायत घौरंजा मे बीती रात हाथी घुसकर जागो दास के घर में लगभग रात्रि 9꞉30 बजे उसके घर को तोड़ तोड़ कर रख दिया उसे घर में परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे अचानक मिट्टी के घर की दीवार गिरने से आवाज सुनाई पड़ी तो देखा कि बाहर से हाथी दीवार गिर रहा है घर वालों ने जान बचाने के लिए शोर मचाया तो सभी ग्रामीण उठकर हल्ला करने लगे हल्ले की आवाज सुन हाथी इधर-उधर भागने लगा जिससे लोगों में हड़कंप मच गई और जिधर जिधर हाथी भाग रहा था खेत खलियान दीवाल तोड़ते हुए चला गया इसके कारण सभी ग्रामीण भयभीत है और प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। बार-बार हाथी जंगल से भाग कर रात्रि में लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर देता है जिससे लोग ग्रामीण भयभीत है हाथी से सुरक्षा की मांग सभी ग्रामीण कर रहे हैं।.

## शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य का हुआ तबादला,नए प्रधानाचार्य के रूप में अजय कुमार पाठक ने किया योगदान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** ꞉- शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में पदस्थापित प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय का तबादला जरीडीह बोकारो हो गया है।उनके स्थान पर अवध बिहारी सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह बोकारो के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक ने आज अपना योगदान विद्यालय में दिया। वही विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव




सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने योगदान करवाया। योगदान के बाद नए प्रधानाचार्य के रूप में योगदान करते हुए अजय कुमार पाठक ने कहा कि विद्यालय का सफल संचालान हमारी पहली प्राथमिकता होगी।विद्यालय का पठन-पाठन के साथ हर गतिविधि को ससमय कराना भी हमारी मुख्य धारा में होगी। वही विद्यालय के सचिव सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने कहा कि इनके योगदान करने से आशा है कि विद्यालय को नई गति प्रदान होगी।

## पुनः एक बार विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने जेई मेंस मे लहराया परचम

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** ꞉- चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट मे विज्ञान संकाय तीन छात्रों अक्षत दुबे 95 प्रतिशतता अंक लाकर जेनरल कैटेगरी जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। वही कुंदन कुमार और अनुराग कुमार ने 85 प्रतिशतता अंक लाकर ओबीसी कैटेगरी से जेई एंडवांस के लिए क्वालीफाई किया। ये सभी छात्र जेई एडवांस की परीक्षा हेतु योग्य हो गये। ये सभी मई माह मे आयोजित होने वाली जेई एडवांस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आई टी व एन आई टी मे नामांकन प्राप्त कर इंजीनियर बनने का सपना पुरा करेगे। ज्ञात हो ये रिजल्ट सैकेंड फेज का है। पहले फेज मे भी 4 बच्चों ने जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया था। दोनों फेज मिलाकर 6 बच्चों ने जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि ये क्षण बच्चों के अभिभावकों के साथ साथ पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। ये यादगार लम्हा अतुलनीय है। यदि बच्चे लगनशीलता से मेहनत करते है तो उसके सफलता को कोई नही रोक सकता हैं। पूरे विद्यालय परिवार ऐसे होनहार प्रतिभावन बच्चों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। ये सभी बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बच्चे के माता पिता के साथ साथ विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिये।




## कविता वाचन प्रतियोगिता में जी. एस. पब्लिक स्कूल की छात्रा अनीशा कुमारी ने प्रथम स्थान किया प्राप्त




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच** सीबीएसई सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से कोडरमा जिला में संचालित सीबीएसई एफिलिएटेड स्कूल के तत्वाधान में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे अनेक विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया । इसमें जी. एस. पब्लिक स्कूल की छात्रा अनीशा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा इस क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## पतरातु क्षेत्र में जेपी भाई पटेल का जनसंपर्क, भाजपा प्रत्याशी पर बोला हमला

**जनसभाओं में पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीणों ने न्यायपत्र को सराहा**

### व्यवसाइयों वाली सरकार को उखाड़ फेकना है - जय प्रकाश भाई पटेल

**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को पतरातु प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने पंद्रह से ऊपर पंचायतों का भ्रमण कर सैंकड़ों ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा आज पलटी मार चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई को मुद्दा बना कर सरकार में आई थी परंतु आज देश में अनेकों मुद्दों ने जन्म ले लिया है। जय प्रकाश भाई पटेल ने भाजपा उम्मीदवार पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यवसाई सिर्फ पूंजी बनाने का काम करते हैं। आज सभी तरह के व्यवसाय में अपना सिक्का जमा रहे हैं। कहा, यह देश भी व्यवसायों को बेचा जा रहा है। देश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस सरकार का वक्त याद करते हुए कहा कि किसी जमाने में महंगाई, रोजगार आदि ही मुद्दा हुआ करती थी, परंतु आज मोदी कार्यकाल में संविधान को बचाना भी मुद्दा बन गया है। यह देश बाबासाहेब के दिए गए संविधान से चलता आया है मगर केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे अनुसार बदल देना चाहती है। आरक्षण और मौलिक अधिकारों पर आज खतरा मंडरा रहा है। विपक्ष को एजेंसियों का दुरुपयोग कर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, देश ने ऐसा दौर कभी नहीं देखा। उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात बेबाकी के साथ रख कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आज लोकतंत्र और संविधान को बचाने का मौका मिला है, इसका उपयोग करिए और बीस मई को हाथ पर बटन दबाइए।

### कार्यकर्ताओं में दिखा भारी जोश, ग्रामीणों ने दिया दिल खोल कर समर्थन

पतरातु प्रखण्ड क्षेत्र में दौरा करने के दौरान अलग अलग गावों में जेपी भाई पटेल का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया। श्री पटेल ने भी गले लग सभी का अभिवादन किया साथ ही बुजुर्गों के पांव छू आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जय प्रकाश सिंह ऊर्फ ननकी, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, योगेंद्र सिंह, दीपक उरांव, देवकी महतो, आरीफ अंसारी, संतोष साव, अंजू देवी, बालेसर बेदिया,अमर यादव, मो. सैफुल्लाह, प्रियंका कुमारी, प्रेम दादा प्रिया, विनोद कुमार केसरी, ओमप्रकाश गिरी, गोविंद बेदीया, शाहिद समेत इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेतगण एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मतदान पदाधिकारी प्रथम को दिया गया प्रशिक्षण



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों से कहा कि। मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रशिक्षण अतिमहत्वपूर्ण होता है, अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 500 मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया।

## उपायुक्त ने किया सतगावां प्रखण्ड का दौरा



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** संसदीय क्षेत्र में 20 मई 2024 को होने वाली लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को जिले के सुदुरवर्ती प्रखण्ड सतगावां का दौरा कर चुनाव की तैयारी की समीक्षात्मक बैठक प्रखण्ड सह अंचल सभागार सतगावां में की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा रिया सिंह ,वनप्रक्षएत्र पदाधिकारी सुरज सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीतवाहन उरांव डीपीआरओ रवि कुमार ,डीटीओ विजय सोनी डी एल ओ विजय शंकर महतो, सतगावां प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक , थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता, सभी सेक्टर के पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी , प्रखण्ड के सभी बी एल ओ उपस्थित थे। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से एक एक बुथ की चुनावी तैयारी और समस्या निवारण की समीक्षा करते हुए ए एम एफ से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के पुर्व उपायुक्त पुरी टीम के साथ प्रखण्ड सुदुरवर्ती पंचायत कोठियार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रतनपुर बुथ संख्या 70 तथा अम्बाबाद पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करचैता बुथ संख्या 71 का भौतिक सत्यापन कर समस्या एवं समाधान की जानकारी लिया गया।

# कैपेसिटी टू डेवलप ए सेमिनार आर्टिकल व पेपर विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 26 अप्रैल 2024 को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय कैपेसिटी टू डेवलप ए सेमिनार आर्टिकल व पेपर था। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्र꞉ 2022-24 व 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार और




आर्टिकल पेपर तैयार करने व उसके महत्व को बताया। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय ने भी संबोधित किया। अंत मे प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रशिक्षु तबस्सुम परवीन व रंजन कुमार दत्ता ने विषय से सबंधित प्रश्न पूछा जिसका उन्हें प्राध्यापक द्वारा संतोषजनक उत्तर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मैनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

अरुण कुमार दीक्षित

आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें।

भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए।

आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है।

समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है।

देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं।



जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है।

समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए।

महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का ह्यगांधीह्न आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए । गांधी को भी जाति के खाँचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए। डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31 । स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है। स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे।

जिस समय भारत के यह सभी महापुरुष जाति उन्मूलन के लिए लगातार आंदोलनरत थे उस समय आधुनिक भारत उदय हो रहा था। गांधी, अंबेडकर, लोहिया, अरविंद घोष, लाला लाजपत राय, सुभाषचन्द्र बोस ने यह न सोचा होगा कि हमारा भारत अगले कुछ दशकों में राजनीति का संचालन जाति को प्राथमिकता देकर करेगा। आज जाति, धर्म, पंथ सर्वोच्च विषय लेकर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। यह आहत करने वाली बात है। राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन जब तक चुनाव में जाति विहीनता के लिए अभियान नहीं चलाएंगे तब तक जातीय संगठन, जातीय पंचायतें, जातिवादी राजनीतिज्ञ जाति के नाम पर सत्ता की मलाई खाते रहेंगे। उपेक्षित होंगी प्रतिभाएं। चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र की हों या किसान, मजदूर, नौजवान महिलाएं हों।

आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें।

## संपादकीय

### फ्रंट पर पित्रोदा

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत-कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है। इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है-एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति-परिसंपत्ति पर ह्यपंजाह्न मारने की लुटेरी नीयत मान रहे हैं। उसका ह्यलूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भीह्न जारी रहने वाला है यानी माता-पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके बाद वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन-संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग-बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही। पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर ह्यज्यादा बच्चे पैदा करने वालेह्न और ह्यघुसपैठिएह्न को दे देगी-महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय-असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन ने लोगों को डराना शुरू कर दिया। तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि ह्यमोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगा।ह्न लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है। अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, याचिकायें खारिज, मतदाताओं में मायूसी



सनत जैन

वीवीपेट, ईवीएम मशीन और मतदाता पर्ची की गिनती करने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जो दो याचिकाएं लगाई गईं थीं, उनमें मांग की गई थी, कि वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियों की गिनती कराई जाए। जो पर्ची मशीन से निकलती है, उसे मतदाता के हाथ में दी जाए। मतदाता स्वयं पर्ची को बैलट बॉक्स में डाले। यदि यह संभव न हो, तो वीवी पेट में जो काला कांच लगा है, जो लाइट 7 सेकंड के लिए जलती है। उस वीवीपेट मशीन का ग्लास बदल दिया जाए। ताकि मतदाता ने जिसे वोट दिया है, उसे देख पाए। मतदाता के सामने ही पर्ची कटकर वैलिड बॉक्स में गिरी है, या नहीं, यह मतदाता सुनिश्चित कर सकें। तीन बार सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जिस तरह के संकेत मिल रहे थे। उससे लग रहा था, इस मामले में याचिका कताओं को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। इसके पहले भी चुनाव आयोग से संबंधित याचिकाओं को यही बेंच खारिज कर चुकी थी। यह याचिका लंबे समय से सुनवाई के लिए लंबित थी। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद, इसमें सुनवाई शुरू हुई। याचिकाकर्ता 100 फीसदी मतदाता पर्चियों की गिनती की मांग कर रहे थे। इस मांग को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 45 दिन तक कंट्रोल मशीन को सील कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। वहीं 7 दिन के अंदर दूसरे या तीसरे नंबर का उम्मीदवार अपने खर्चे पर कंट्रोल यूनिट की जांच की मांग कर सकता है। इसकी मांग करने वाले उम्मीदवार को उसका खर्च देना पड़ेगा। यदि कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई, तो उम्मीदवार के द्वारा जमा की गई राशि वापस नहीं की जाएगी। गड़-बड़ी पाए जाने पर उम्मीदवार को राशि वापस कर दी जाएगी।

पिछले कई महीनों से ईवीएम, वीवीपेट मशीन तथा कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली को लेकर आंदोलन किये जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के कई अधिवक्ताओं ने भी धरना-प्रदर्शन करके वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियां की गिनती कराने की मांग की थी। सारे देश में मतदाताओं द्वारा 100 फीसदी मतदाता पर्ची गिनने की मांग की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से लोगों में निराशा है। चुनाव आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलते हुए, सरकार ने जो कानून बनाया है, उसमें सरकार द्वारा जिन दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के 1 दिन पहले की गई है। उस नियुक्ति को लेकर भी लोगों में चुनाव आयोग के प्रति विश्वास कम हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर भी सारे लोग हैरान हैं। विपक्ष द्वारा की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग मौन साध कर बैठ जाता है। सत्ता पक्ष की शिकायत पर विपक्ष पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सरकार और चुनाव आयोग को राहत देने वाला फैसला माना जा रहा है। आम मतदाताओं की मांग और आशंकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने विचार नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निष्पक्ष चुनाव होगा। इस पर मतदाताओं का संदेह कम होने की बजाय और बढ़ जाएगा। मतदाताओं में पहले ही निराशा थी। इस फैसले के बाद यह निराशा और भी बढ़ेगी। सत्ता पक्ष द्वारा जब यह दावा किया जाता है, इस बार 400 पार, यह दावा ईवीएम मशीन और वीवीपीएटी की कार्य प्रणाली को लेकर किया जा रहा है? यह बात मतदाता के मन में बैठ चुकी है। चुनाव आयोग जिस तरह से गांधी जी के तीन बंदर बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, और बुरा मत बोलो, की तर्ज पर सरकार के समर्थन में बैठा हुआ है। इसको देखते हुए लोगों को चुनाव पर कितना विश्वास रहेगा, कहा नहीं जा सकता है। वीवीपेट से निकली हुई पर्ची की 100 फीसदी गिनती और वीवी पेट से सही पर्ची प्रिंट हुई है। यह जानने का अधिकार मतदाता का है। सुप्रीम कोर्ट से यह आशा की जा रही थी, कम से कम आमजनता के इस अधिकार को बनाए रखने में, सुप्रीम कोर्ट का फैसला मतदाताओं के पक्ष में आएगा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से मतदाताओं को निराशा ही मिली है। लोकतंत्र की रीड की हड्डी चुनाव पर यदि मतदाताओं को भरोसा नहीं रहेगा, तो भारतीय लोकतंत्र और संविधान भी सुरक्षित नहीं रहेगा यह लोगों का मानना है।

# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नई ऊचाईयां



प्रहलाद सबनानी

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा।

केंद्र सरकार द्वारा भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम भी अब दिखाई देने लगा है। 'मेक माई ट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट' के अनुसार, भारत के नागरिक अब पहले के मुकाबले अधिक यात्रा कर रहे हैं। भारत के नागरिकों द्वारा विशेष रूप से अयोध्या, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों के बारे में अधिक जानकारी हासिल की जा रही है। उक्त जानकारी 'मेक माई ट्रिप' के प्लेटफार्म के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकताओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आई है। वर्ष 2019 के बाद से भारत में एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक पर्यटन सम्बंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधियों में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से अयोध्या के सम्बंध में जानकारी हासिल करने सम्बंधी गतिविधियों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 585 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के सम्बंध में भी जानकारी हासिल करने वाले नागरिकों की संख्या में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। भारत में अब पारिवारिक यात्रा की बुकिंग भी बहुत तेज गति से बढ़ रही है। इसमें वर्ष 2022 के तुलना में वर्ष 2023 में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि इसी अवधि में एकल यात्रा की बुकिंग में केवल 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उक्त जानकारी को भारत के नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा जारी एक जानकारी से भी बल मिलता है कि भारत में घरेलू हवाई यातायात अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। दिनांक 21 अप्रेल 2024 (रविवार) को रिकार्ड 471,751 यात्रियों ने 6,128 उड़ानों के माध्यम से, भारत में हवाई सफर किया है। इसके पूर्व हवाई यातायात करने वाले नागरिकों की औसत संख्या, कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल में, 398,579 यात्रियों की थी। इसमें 14 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

देश में धार्मिक पर्यटन में हो रही भारी वृद्धि के चलते भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में भी तेजी दिखाई देने लगी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। इसी प्रकार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इकरा ने 6.5 प्रतिशत, एशिया विकास बैंक एवं बार्कलेस एवं प्राइस वॉटर कूपर्स ने 6.7 प्रतिशत, डेलाईट इंडिया ने 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था।

## विस्तारा की फ्लाइट में आई खराबी, मुंबई से आई तकनीकी टीम

पटना। पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ तकनीकी खराबी है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई खराबी को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

## रविकिशन को राहत... शिनोवा की याचिका खारिज

नई दिल्ली। भोजपुरी और हिंदी सिनेमा के सितारे और गोरखपुर से सांसद रवि किशन को मुंबई के कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। खुद को रवि किशन की बेटी बताने वाली 25 साल की महिला शिनोवा ने कुछ वक्त पहले रविकिशन के डीएनए टेस्ट की मांग की थी। शिनोवा का कहना है कि वहां रवि किशन की बेटी हैं। वे चाहती हैं कि किशन अपना डीएनए टेस्ट करवाएं, ताकि अगर वे झूठ बोल रही हैं, तब ये साबित हो जाए। हालांकि अब मुंबई के दिंडोशी सेशन कोर्ट ने शिनोवा की इस अपील को खारिज कर दिया है। 25 साल की शिनोवा ने दावा किया था कि रवि किशन उसके बायोलॉजिकल पिता है। कोर्ट ने कहा कि रवि किशन और दावा करने वाली महिला शिनोवा कि मां का कोई परिवार संबंध नहीं था, इसके बाद ये कोई मामला नहीं बनता। अभी कोर्ट के पूरे आदेश को जारी नहीं किया गया है। शिनोवा और उसकी मां अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने बड़े दावे किए थे। उन्होंने दावा किया था कि रवि किशन उनकी बेटी शिनोवा के पिता हैं। इसके बाद शिनोवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में उन्होंने दोनों से आग्रह किया था कि वे वक्त निकालकर शिनोवा से मिलें। शिनोवा का कहना था कि वे अपने दावों के पीछे के सबूत भी उनके सामने रख सकती हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री उनकी किस्मत का फैसला करें। इसके बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने पुलिस थाने में अपर्णा ठाकुर, उनकी बेटी शिनोवा, पति राजेश सोनी, बेटे सौनक सोनी समाजवादी पार्टी के लीडर विवेक कुमार पांडे और एक खुर्शीद खान नाम के पत्रकार, जो एक यूट्यूब चैनल चलाते हैं, के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। रविकिशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने एफआईआर में महिला और उसकी बेटी पर धमकी देने, झूठे इल्जाम लगाने और जबरदस्ती पैसे वसूलने की कोशिश का आरोप लगाया है। शिनोवा भी एक अभिनेत्री है। शिनोवा ने बताया की कैसे उनके परिवार का उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा था कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए।

## उमेश पाल की हत्या पर अतीक ने कहा, बेटे शेर हैं... दिनदहाड़े मारो

नई दिल्ली। माफिया डॉन अतीक अहमद का योगीराज में अंत हो चुका है, लेकिन उससे जुड़े खुलासे जारी हैं। बताया जा रहा है कि उमेश पाल की हत्या दिनदहाड़े करने के लिए अतीक ने ही ऑर्डर दिए थे। इतना ही नहीं अतीक ने खुद बेटे असद को इस काम लिए भेजने का आदेश दिया था। खबरें हैं कि जेल की सजा काट रहे डॉन के बेटे अली ने उमेश रिपोर्ट के अनुसार, असद ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने पाल को दिनदहाड़े मारने के लिए मना किया था, लेकिन अतीक नहीं माना। सूत्रों ने बताया कि अली ने कहा कि पाल को इस तरह मारने से मना किया था, लेकिन अब्बा नहीं माने और कहा अतीक के बेटे शेर हैं और दिनदहाड़े ही मारेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अली का कहना है कि उसने शूटरों के साथ असद को भेजने से भी मना किया था। अली ने माना है कि इस हत्याकांड के बारे में पूरे परिवार को पता था। पाल हत्याकांड में अली साजिशकर्ता आरोपी बनाया गया है। एक ओर जहां असद और उसके साथी गुलाम की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। वहीं, अली नैनी जेल में और एक भाई उमर लखनऊ की जेल में है।

## मतदान करना हैं, इसलिए नारायण मूर्ति की अस्पताल से छुटटी करवा ली : सुधा मूर्ति

नई दिल्ली। देश में दूसरे चरण के मतदान के बीच, कर्नाटक में 14 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शुरू होने के बाद से अनुमानित 22.34 प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के बाद से मतदान केंद्रों पर लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और सुबह की सैर करने वालों की लंबी कतारें दिखाई दी। राज्यों की कई प्रमुख हस्तियां भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में शामिल हुईं। आईटी उद्योग के दिग्गज नारायण मूर्ति, उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति, क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा और बॉलीवुड अभिनेता प्रकाश राज सहित अन्य लोगों ने अपनी जिम्मेदारी के अधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद लेखिका, परोपकारी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति ने लोगों से अपने घरों से बाहर निकलने और बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें हर पांच साल में एक बार वोट देने का अधिकार मिलता है। हमें इस अधिकार का इस्तेमाल जिम्मेदारी से और बहुत सोच-समझकर करना होगा। राज्यसभा सदस्य ने मतादान श्रेष्ठ दान कहते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को बाहर आना चाहिए और मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 77 वर्षीय इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति खराब स्वास्थ्य के बावजूद वोट देने आए। सुधा मूर्ति ने कहा कि नारायण मूर्ति अस्वस्थ थे और वह अस्पताल में थे। हमने उन्हें छुट्टी दे दी और मतदान के बाद हम उन्हें घर ले जा रहे हैं।

## आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से 6 परिजनों की मौत

दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से 6 परिजनों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रामचंद्र पासवान का पुत्र, पुत्रवधु, उनके 2 बच्चे, पुत्री और बेटी शामिल हैं। श्री रोशन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की टीम को आग पर काबू पाने में करीब 4 घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अधिकारियों को भेजा गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है।


## दिल्ली मेयर चुनाव टलने पर हंगामा, बीजेपी-आप ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव न होने के कारण आज सदन की बैठक शुरू होने से पहले ही जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बीजेपी पार्षद और नेता सदन राजा इकबाल सिंह ने आप के खिलाफ सदन में संपत्ति कर बढ़ाने का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू की। बढ़ाए गए संपत्ति कर को बीजेपी के पार्षद ने वापस लेने की मांग की। मेयर डॉ शैली ओबरॉय सदन में पहुंची और सदन की कार्यवाही शुरू करने के लिए सभी पार्षदों से अनुरोध किया। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने निगम के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव स्थगित किए जाने पर उपराज्यपाल पर आरोप लगाए। इसके बाद उन्होंने सदन की बैठक अनिश्चितकाली के लिए स्थगित दी।

सदन की बैठक स्थगित होने के बाद बीजेपी पार्षदों ने हरियाणवी व अन्य गीतों के जरिए भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 400 पार के नारे लगाए। वहीं, आम आदमी पार्टी के राजेंद्र नगर से विधायक और निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के स्थगित होने पर बीजेपी पर आरोप लगाए। बता दें कि दिल्ली मेयर का चुनाव 26 अप्रैल यानी आज होना था, जो पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने की वजह से टल गया है। आप नेताओं ने एलजी पर चुनाव टालने का आरोप लगाया है। हालांकि चुनाव आयोग ने इस चुनाव के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी, लेकिन दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने चुनाव कराने के लिए जरूरी पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं की। नतीजा यह निकला कि ठीक अंतिम समय में मेयर चुनाव रद हो गया।

# वर्तमान में भारत और चीन के बीच सीमा क्षेत्रों की स्थिति सामान्य

### पीएम मोदी की टिप्पणी के बाद चीनी रक्षा मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा था कि मेरा मानना ??है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर तुरंत बातचीत करने की जरूरत है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में मतभेदों को पीछे छोड़ा जा सके।

पीएम मोदी की टिप्पणी पर चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा है कि चीन और भारत के बीच सीमा क्षेत्रों में सामान्यतः स्थिरता है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए दोनों देश आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की टिप्पणी पर चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि वर्तमान में भारत और चीन के बीच सीमा क्षेत्रों की स्थिति सामान्य है। दोनों देश राजनयिक और सैन्य चैनलों के जरिए से आपसी तालमेल बनाए हुए हैं और सकारात्मक रचनात्मक बातचीत की है। दोनों देश जल्द से जल्द एक ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए हैं जो दोनों देशों को मंजूर हो।

इससे पहले चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पीएम मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी थी। निंग ने कहा था कि चीन ने भारत के पीएम की टिप्पणियों पर गौर किया है। हमारा मानना है कि मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों पक्षों के साझा हितों के लिए लाभकारी हैं। यह क्षेत्र के साथ शांति और विकास के लिए भी जरूरी है। निंग ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ मिलकर समान दिशा में काम करेगा। आपसी विश्वास बढ़ाएगा और मतभेदों को ठीक से संभालेगा और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और स्थिर रूप से आगे बढ़ाएगा।

भारत और चीन के बीच सीमा पर साल 2020 से ही तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प हो गई थी। इस हिंसक झड़प में भारत के एक कर्नल और 29 जवानों की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में भारी गतिरोध जारी है। गतिरोध को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत कर चुके हैं। चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं, गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं।

## संविधान बदलना चाहते हैं... इसलिए चाहिए 400 पार सीटें

### -कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का आरोप



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा में वार-पलटवार का दौर चल रहा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीनकर मुस्लिमों को देना चाहती है। इस लेकर कांग्रेस की ओर से पलटवार किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह पीएम मोदी का ध्रुवीकरण का एजेंडा है। कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि हम समाज के कमजोर वर्गों जैसे एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि देश में तेजी से आर्थिक विकास हो और इसका लाभ हर किसी तक पहुंचे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लाभार्थी देश के महज 20-21 अरबपति हों और इसकी कीमत करोड़ों लोगों को चुकानी पड़े। कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि हकीकत उनके 400 पार के नारे के पीछे यह है कि वे संविधान बदलना चाहते हैं... वे आरक्षण के खिलाफ हैं। वे संविधान को हटाना चाहते हैं और आरएसएस हमेशा से आरक्षण के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन अब तक नहीं हुई है, क्योंकि जनगणना से एससी और एसटी की आबादी का पता चल जाता। हमारा संविधान जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करता है। हमारा कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। हमारे घोषणापत्र में हमारा एजेंडा स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है।

# अरविंद केजरीवाल चुनाव तो लड़ सकते हैं, वोट नहीं डाल सकते

### - जेल में सजा काट रहे पांच लाख लोग नहीं कर सकेंगे मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव लड़ेंगे भी या नहीं, ये अभी साफ नहीं हो पाया है, लेकिन इतना तो तय है कि केजरीवाल को जेल में रहते हुए वोट डालने की इजाजत नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसे 5 लाख से ज्यादा लोग हैं जो इस लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे क्योंकि वे जेल की सजा काट रहे हैं। अब सवाल यह उठाता है कि जेल में रहते हुए जब चुनाव लड़ा जा सकता है, तो मतदान का क्यों नहीं?

गौरतलब है कि डेढ़ दशक पहले बिहार की पटना हाई कोर्ट में एक ऐसा ही मामला आया, जिसमें जेल की सजा काट रहे एक कैदी ने चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। कोर्ट ने इनकार करते हुए कहा कि जब कैदियों को वोट देने का हक नहीं है, तो चुनाव लड़ने की छूट कैसे दे सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले पर मुहर लगा दी थी, लेकिन बाद में तत्कालीन यूपीए सरकार ने कानून में बदलाव कर दिया था जिसमें जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी गई थी। ये मामला 2013 का है, लेकिन जेल में बंद शख्स के पास मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 1951 की धारा 62(5) के तहत जेल में बंद कोई भी व्यक्ति वोट नहीं डाल सकता है फिर चाहे वो हिरासत में हो या सजा काट रहा हो। वोट डालना एक कानूनी अधिकार है। दोषी के अलावा जिनपर ट्रायल चल रहा हो, वे भी मतदान नहीं कर सकते हैं। कैदियों को मताधिकार से वंचित करने का इतिहास अंग्रेजी जब्ती अधिनियम 1870 से दिखता है। इस दौरान राजद्रोह या गुंडागर्दी के दोषी लोगों को अयोग्य ठहराते हुए उनसे वोट का अधिकार छीन लिया जाता था। वजह ये कि जो इतने गंभीर अपराध कर रहा है, उसे किसी भी तरह का अधिकार, मतदान करने का अधिकार भी नहीं मिलना चाहिए। यही नियम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 में भी लागू हो गया। हालांकि 1951 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम ने इसे नए सिरे से देखा और इसमें हर शख्स जो आरोपी या दोषी हो और जेल में हो, उसे मतदान करने का अधिकार नहीं है लेकिन इस प्रावधान में उन्हें छूट मिलती है, जिसमें किसी भी वजह से सरकार को शक हो, इसके बाहर रहने से उपद्रव हो सकता है और इसे ही टालने के लिए उसे नजरबंद कर दिया गया हो। ऐसे लोग वोट डाल सकते हैं। वह पुलिस के घेरे में जाकर वोट डाल सकता है या फिर उसे औपचारिक तौर पर स्थानीय प्रशासन को इत्तिला करनी होगी कि वो फलां समय पर फलां बूथ में जा रहा है ताकि उनपर नजर रखी जा सके। साल 2013 में सेक्शन 62(5) में संशोधन हुआ। इसमें जेल में रहते हुए चुनाव लड़ने की छूट मिल गई। वे चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं, अपने लोगों के जरिए चुनावी प्रचार भी करवा सकते हैं, लेकिन वोट नहीं डाल सकते। यहां तक कि जेल से जमानत पर बाहर आना भी उन्हें ये सुविधा नहीं देता। आरोपमुक्त होने या सजा पूरी होने के बाद ही वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता है यानी वोट डाल सकता है।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय से डीके को राहत, संहिता उल्लंघन का मामला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों का सामना कर रहे उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को अंतरिम राहत दी है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने डीके के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई करने से परहेज करने का निर्देश दिया। मामला 19 अप्रैल को चुनाव आयोग में भाजपा की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिवकुमार, जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने मतदाताओं को ब्लैकमेल करने की कोशिश की है। भाजपा ने दावा किया कि राजराजेश्वरी नगर में एक चुनावी भाषण के दौरान, अपने भाई और लोकसभा उम्मीदवार डीके सुरेश के लिए प्रचार कर शिवकुमार ने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देने के बदले में कावेरी जल आपूर्ति और अधिभोग प्रमाणपत्र देने का वादा किया था।

आपत्ति व्यक्त कर, न्यायालय ने सवाल किया कि क्या शिवकुमार के नाम पर की गई टिप्पणी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171बी (रिश्वतखोरी) और 171सी (चुनावों पर अनुचित प्रभाव) के तहत अपराध होगी। न्यायाधीश ने मामले पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता पर बल देकर जानना चाहा कि क्या डीके के बयान आरोपित धाराओं के मापदंडों पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। हालाँकि, कोर्ट ने शिवकुमार के वकील से कहा कि वे अपने मुवक्किल को अपने भाषणों में अधिक सतर्क रहने की सलाह दें।

इसके अतिरिक्त, इसने शिवकुमार को भेजे गए नोटिस का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय के बारे में भी चिंता जाहिर की। शिवकुमार को अंतरिम राहत देते हुए, न्यायालय ने चुनावी भाषणों के गिरते मानकों पर निराशा व्यक्त की और कहा कि गुणवत्ता, सामग्री और प्रस्तुति बेहद कम हो गई है।

## शाह का राहुल गांधी से सवाल... क्या देश शरिया से चलेगा?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी फिर हमलावर दिख रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल से सवाल किया है कि क्या देश शरिया से चलेगा? दरअसल भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का वीडियो शेयर किया है, इस लेकर भाजपा ने दावा किया है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीब मुसलमानों का होना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि हम पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाएंगे। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि यदि आप पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाएंगे तब क्या ये देश अब शरिया के आधार पर चलेगा? किस प्रकार का संविधान आप इस देश में चाहते हैं? भाजपा ने अपने घोषणापत्र में साफ कहा है कि हम यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लाएंगे, सभी पंथ और मजहब के लोगों के लिए एक ही कानून होगा।

उन्होंने कहा, सुरक्षित देश के लिए, समृद्ध देश के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए ऐसी पार्टी को वोट दें जो अपने वादों पर खरी उतरे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी।

# महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति... इस पर पति का भी अधिकार नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने इस लेकर फैंसले में कहा

**लखनऊ (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कुछ शब्द बार-बार सुनाई पड़ रहे हैं, इसमें मंगलसूत्र और स्त्रीधन आम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन को लेकर अहम फैसले में कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। इस पूर्ण संपत्ति को अपनी मर्जी से खर्च करने का महिला को पूरा अधिकार है। इस स्त्री धन में पति कभी भी हिस्सेदार नहीं हो सकता, लेकिन संकट के समय पत्नी की रजामंदी से इसका इस्तेमाल कर सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्त्रीधन को लेकर दायर वैवाहिक विवाद पर सुनवाई कर कहा था कि महिला को अपने स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है, इसमें शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में मिलीं हुईं सभी चीजें शामिल हैं, जैसे कि माता-पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले गिफ्ट, धन, गहने, जमीन और बर्तन आदि शामिल है। ये समझना जरूरी होता है कि आखिर स्त्रीधन क्या है। इसके दायरे में क्या-क्या आता है? दरअसल स्त्रीधन एक कानूनी टर्म है, जिसका जिक्र हिंदू धर्म में देखने को मिलता है। स्त्रीधन का अर्थ है महिला के हक का धन, संपत्ति, कागजात और अन्य वस्तुएं। एक आम धारणा ये है कि महिलाओं को शादी के दौरान जो चीजें उपहार स्वरूप मिलती हैं, उन्हें ही स्त्रीधन माना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है।

स्त्रीधन में किसी महिला को बचपन से लेकर भी जो चीजें मिलती हैं, वह भी स्त्रीधन के दायरे में आती हैं। इसमें नकदी से लेकर सोना, हर तरह के तोहफे, संपत्तियां और बचत भी शामिल हैं। आसान शब्दों में शादी के दौरान या शादी के बाद मिले इस तरह के उपहारों को ही स्त्रीधन माना जाए। स्त्रीधन पर अविवाहित स्त्री का भी कानूनी अधिकार है। इसमें वे सारी चीजें आती हैं, जो किसी महिला को बचपन से लेकर मिलती रही है। इसमें छोटे-मोटे तोहफे, सोना, कैश, सेविंग्स से लेकर तोहफे में मिली प्रॉपर्टी भी आती है।

**किस कानून के तहत है स्त्रीधन का अधिकार?**

हिंदू महिला का स्त्रीधन का हक हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 14 और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 27 के तहत आता है। यह कानून शादी से पहले, शादी के समय या शादी के बाद महिला को स्त्रीधन अपने पास रखने का पूरा हक देता है। महिला चाहे तब स्त्रीधन को अपनी मर्जी से किसी को दे सकती है या बेच सकती है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की धारा 12 भी महिलाओं को इसतरह के मामलों में स्त्रीधन का अधिकार देती है, जहां वे घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। वे इन कानूनों की मदद से अपना हक वापस ले सकती हैं। लेकिन कई मामले होते हैं, जहां मंगलसूत्र को छोड़कर ज्यादातर स्त्रीधन महिला के ससुरालवाले रख लेते हैं, ये कहकर कि वे संभालकर रखने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कानून उन्हें स्त्रीधन का ट्रस्टी मानता है। जब भी महिला उन चीजों को मांगती है, तब महिला को देने से मना नहीं किया जा सकता।

स्त्रीधन और दहेज दो अलग-अलग चीजें हैं। दहेज मांगस्वरूप दिया या लिया जाता है जबकि स्त्रीधन में प्रेमस्वरूप चीजें महिला को दी जाती हैं। अगर स्त्रीधन को ससुराल पक्ष ने जबरन अपने कब्जे में रखा है, तब महिला इसके लिए दावा कर सकती है। अगर पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस लगा है, तब उसके साथ में स्त्रीधन को लेकर अलग से केस दर्ज कराया जा सकता है।

# आदिवासी राज्य छत्तीसगढ़ में भाजपा की तिकड़ी कर रही जोरदार प्रचार

**रायपुर (एजेंसी)।** लगभग चार माह पहले छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे दमदार प्रदर्शन करके सत्ता में आई भाजपा पूरी कोशिश में हैं कि राज्य की सभी 11 संसदीय सीटों पर जीत हासिल करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह से राज्य में सघन चुनाव प्रचार कर रहे हैं उसका बड़ा असर यहां की राजनीतिक स्थिति पर दिख रहा है। भाजपा ने 2019 में छत्तीसगढ़ में 11 में से 9 सीटों पर जीत हासिल की थी। तब राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी थी। भाजपा को लगता है कि जब विपरीत परिस्थिति में भी 9 सीटों पर जीत हासिल की जा सकती है,तब अनुकूल परिस्थितियां हैं इसलिए 11 सीटों पर जीत का लक्ष्य हासिल करना कोई नामुमकिन बात नहीं है।

आदिवासी बहुल राज्य में भाजपा को उम्मीद है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने का प्रभाव यहां के मतदाताओं पर है। भाजपा ने विष्णु देव साय के रूप में राज्य को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री भी दिया है। भाजपा इस बात को प्रचारित कर रही है कि अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में ही आदिवासी मामलों के लिए केंद्र में अलग मंत्रालय का गठन किया गया था। भाजपा दावा कर रही है कि आदिवासियों का भला भाजपा से बेहतर कोई नहीं कर सकता।

राज्य की नई भाजपा सरकार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद रही है। साय सरकार ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए गए दो वादों को पूरा करते हुए, धान किसानों को लंबित बोनस भी हस्तांतरित कर दिया है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना की दो किश्तों के पैसे भी जारी कर दिये गये हैं। इस सबका मतदाताओं पर गहरा असर दिख रहा है।

वहीं भाजपा सरकार जिस तरह नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है उसका भी असर मतदाताओं पर दिख रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य सरकार के नक्सल विरोधी कड़े रुख को देखते हुए लोगों को इस बात का विश्वास है कि भाजपा सरकार नक्सलियों के आतंक से पूरी तरह मुक्ति दिला सकती है। इसके अलावा भाजपा की सरकार बनते ही जिस तरह जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के अभियान को झटका लगा है उससे भी लोग बेहद खुश दिखे।

दूसरी ओर, कांग्रेस के वादों पर कोई विश्वास करने को तैयार नहीं है, क्योंकि जिस तरह महादेव एप घोटाले की छाया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पड़ी है उससे कांग्रेस की छवि दागदार हुई है। इसकारण कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान किसानों को उनकी उपज का अधिक मूल्य देने और उनके कर्ज की माफी का जो वादा किया था, उसके बावजूद पार्टी को वोट नहीं मिले थे और वह सत्ता से बाहर हो गई थी। इसलिए अब कांग्रेस ने अपनी रणनीति बदलते हुए भाजपा पर यह आरोप लगाना शुरू किया है कि वह यदि सत्ता में आई, तब संविधान बदल देगी। कांग्रेस के जो भी नेता यहां प्रचार के लिए आ रहे हैं वह यही दावा कर रहे हैं कि भाजपा आदिवासी संस्कृति को नुकसान पहुँचाने के साथ ही आदिवासियों के अधिकारों में भी कटौती करेगी।



# विश्वविद्यालय के आयुक्त कुलपति ने विभागों का किया औचक निरीक्षण

**हज़ारीबाग़** – नैक मूल्यांकन की तैयारी की समीक्षा के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किपोट्टा ने अलग-अलग विभागों का औचक निरीक्षण किया। पहले दौर में उन्होंने वनस्पति विज्ञान जंतु विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान, वाणिज्य, मानव विज्ञान एवं भूगर्भ विज्ञान विभागों का निरीक्षण किया। इस समय उनके साथ आइक्यूएसी के निदेशक एवं नैक कोषांग के समन्वयक के अलावे अधिकारियों की एक टोली साथ-साथ चल रही थी। निरीक्षण के क्रम में जहां कमी पाई गई, वहां उसे तत्काल सुधारने का निर्देश दिया गया। अच्छी चीजों की सराहना की गई। कुलपति ने कहा की यहां कार्यरत सभी लोगों का विश्वविद्यालय कार्यस्थल है। इस कार्यस्थल के प्रति मन में श्रद्धा भाव रखें। कार्यस्थल को पूरा समय दे। कार्यअवधि में कार्यस्थल पर जरूर उपस्थित रहे। कुलपति ने घोषित किया कि नैक मूल्यांकन से संबंधित समीक्षा हेतु अगली बैठक 1 मइ को निर्धारित की गई है।

# हवन व भंडारे के साथ सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का हुआ समापन



**दारू** – दारू प्रखंड क्षेत्र के बड़वार में आयोजित श्री श्री 1008 श्री पंचपरिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का समापन शुक्रवार को प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। समापन के दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर भगवान की अराधना कर क्षेत्र व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा के साथ अन्य सहयोगी पंडितों ने मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई तथा यज्ञवेदी में हवन कराया। यज्ञाचार्य ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया है। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं के जय भोलेनाथ, जय श्री राम के गगन भेदी जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। अंतिम दिन भंडारा में प्रसाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव सुखदेव राम, कोषाध्यक्ष धानेश्वर राम, समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम, नरेश यादव, मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम, सूरज राम, इंद्रनाथ यादव एंव बड़वार के हज़ारों श्रद्धालु शामिल हुवे।

# नैक में सर्वोत्तम ग्रेड प्राप्त कर विभावि को गौरवान्वित करें - कुलपति

## 7 से 9 मई को विश्वविद्यालय का होगा नैक के लिए भौतिक मूल्यांकन

**हज़ारीबाग़** – विश्वविद्यालय को नैक द्वारा मूल्यांकन में अच्छे ग्रेड प्राप्त हो यह विश्वविद्यालय की गरिमा का विषय है। इसके लिए हम सब एक परिवार के रूप में मिलकर काम करें। इस दरमियान कोई भी छुट्टी ना ले। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही। वे नैक मूल्यांकन से पूर्व विश्वविद्यालय की तैयारी की समीक्षा हेतु उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में किया गया था। उन्होंने आग्रह किया कि आप सभी सकारात्मक बने रहे एवं अपना सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय को दें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह स्वयं सभी विभागों



का दौरा कर तैयारी की समीक्षा करेगी। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय का दूसरी बार नैक द्वारा ग्रेडिंग हेतु मूल्यांकन के लिए 7 से 9 मई को तीन सदस्य दल का दौरा निश्चित है। सदस्यों की जानकारी अभी गोपनीय रखी गई है। इस बैठक मे ओंबड्समैन के लिए एक कार्यालय निर्धारित करना, नैक के साथ बैठक के लिए पूर्ववर्ती छात्रों एवं अभिभावकों के दल को सूचना देना, स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू रूप से व्यवस्थित करना, विश्वविद्यालय कैंटीन को यथाशीघ्र चालू करना, परिसर में लगे सभी प्रकार के बोर्ड को दुरुस्त करना, निर्बाध बिजली एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, पूरे परिसर को स्वच्छ बनाए रखना आदि विषयों पर सहमति बनी। बैठक का संचालन करते हुए नैक कोषांग के समन्वयक डॉ गंगानन्द सिंह ने सदन को जानकारी दी की सभी विभागों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार कर लिया है। उन्होंने सभी विभागों को 14 बिंदुओं पर संचिका एवं पिछले 7 वर्षों का वार्षिक प्रतिवेदन 27 अप्रैल तक तैयार रखने का आग्रह किया। इस बैठक में नैक मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न उपसमितियों के संयोजकों ने अपने-अपने समितियां की तैयारी से सदन को अवगत कराया।

# श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान माला का चौथा दिन हुआ सम्पन्न

**हज़ारीबाग़** – श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान माला का चौथा दिन हुआ सम्पन्न। श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला शीर्षक भारतीय शिक्षा पद्धति का चौथा दिन भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह व्याख्यान माला का विषय था, भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में समग्र दृष्टिकोण। मुख्य वक्ता के रूप में संत कोलम्बा महाविद्यालय, इतिहास विभाग के डॉ0 शत्रुघन कुमार पाण्डेय का शुभ आगमन हुआ । कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल, मुख्य अतिथि डॉ0 पाण्डेय, सभी सहायक प्राध्यापकों एवं छात्र प्रतिनिधियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ । प्राचार्य डॉ0 पॉल द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल से सम्मानित किया । महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से मुख्य अतिथि का स्वागत किया ।



एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सह आईक्यूएसी समन्वयक अमित कुमार ने मुख्य अतिथि के सम्मान में कहा कि इतिहास की जानकारी सभी को होनी चाहिए चाहे व किसी भी विषय का हो । मुख्य अतिथि डॉ0 प्रसाद ने अपने वक्तव्य में संस्थान के नाम की प्रशंसा की और स्वामी विवेकानन्द को राष्ट्रवाद का आध्यामिक पिता बतलाया । उन्होंनें यह भी कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा सभी जीवों के कल्याण की बातें बताती है, ऐसी ज्ञान परंपरा दुनिया के किसी भी देश में नहीं है । मंच संचालन की भूमिका प्रशिक्षु शिक्षक मौसम कुमारी और सुरभि कुमारी ने सफलतापूर्वक निभाई । धन्यवाद ज्ञापन एसबीएम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ0 सुषमा कुमारी ने दिया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल सहित मुख्य अतिथि डॉ0 शत्रुघनु पाण्डेय, आईक्यूएसी समन्वय डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 अपोलिना बाखला, तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, सुबोध कुमार दुबे, सुनील कुमार सोनी, दयानन्द यादव, श्यामली सलकर, डॉ0 सत्या सिंह, गोपाल राम, सिन्टु कु0 वर्मा, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव तथा एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शशिकान्त यादव, अमित कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मंजरी कुमारी, सुषमा कुमारी, श्वेता कुमारी, रविकान्त मणि, विवेक कुमार रवि, रविशंकर प्रसाद एवं दोनों महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

# डी.डी.सी., एस.डी.पी.ओ एवं एस.डी.ओ को चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने किया सम्मान

### प्रशासन के सकारात्मक पहल से रामनवमी पर्व शानदार मना – टोनी जैन

**हज़ारीबाग़** – श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने प्रशासनिक अधिकारी को उनके कार्यालय में जाकर समिति की तरफ से उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ,सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं एस.डी.पी.ओ कुमार शिवाशीष को मोमेंटो एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा की कि हमारी हजारीबाग जॉइनिंग के बाद दूसरी रामनवमी है, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष रामभक्त काफी शालीनता के साथ रामनवमी पर्व मना रहे थे, और प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रहे थे। हम लोगों ने अपने सेवा देने में कोई कमी नहीं की। अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने वक्तव्य में कहा की रामनवमी पर्व पर अनुमंडल का कार्य काफी बढ़ जाता है, सारे विधि व्यवस्था पर निगरानी करनी पड़ती है, यह हमारा पहला अनुभव हजारीबाग में था, लेकिन लोगों का काफी सहयोग रहा। हमलोगों ने पर्व को राम भक्तों के साथ अपनी जिम्मेवारी को अच्छी तरीके से निभाया, एस,डी,पी,ओ कुमार शिवाशीष ने कहा की राम भगवान इस वर्ष अयोध्या में विराजमान हुए, इसीलिए हजारीबाग में राम भक्तों का जोश दुगुना था। स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने तीनों अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे अधिकारी की जितनी तारीफ की जाए कम है, क्योंकि आपने यह पर्व मनवाने में कोई कसर की कमी नहीं की। बहुत सालों बाद हजारीबाग में इतनी शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मना, आप लोग जैसे अधिकारी लगातार रात दिन एक कर जनता के बीच बने रहे ,यह हम लोगों के लिए गर्व की बात है। आगे भी हमारी समिति प्रशासन के साथ हमेशा खड़ी रहेगी , समिति के सोनू गुप्ता, अमित पांडे, शेखर गुप्ता, निशिकांत सिंह उपस्थित थे।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर डेंटल कॉलेज में जागरूकता फैलाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम

### मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक किया प्रस्तुत, समाज में जागरूकता का दिया अनोखा संदेश

### मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम, संक्रमित मच्छरों से फैलती है – डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विभिन्न सकांय तथा छात्रों के संयुक्त प्रयास से मलेरिया की रोकथाम और उपचार के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक जानकारीपूर्ण नाटक का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन प्रार्थना बर्मन चक्रवर्ती एवं डॉ सायंतन चक्रवर्ती ने किया। युजी और बीडिएस के छात्रों ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया।




मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया। साथ ही कॉलेज परिवार द्वारा नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम (वाईवेक्स एवं फैलसिपेरम) से होने वाली बीमारी है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। इसके मुख्य लक्षण ठंडक के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी व बदनदर्द है। समय से इलाज के अभाव में बीमारी गंभीर हो जाती है। इससे बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई रखे, जलभराव न होने दें, कूलर, गमले, नाली आदि में पानी अधिक समय तक जमा न होने दें। बच्चों को सुबह शाम फुल आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनाएं। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त नजदीकी अस्पताल में मलेरिया की जांच कराएं व पुष्टि होने पर इसका सम्पूर्ण इलाज करें।

# बढती व तपती गर्मी को देख समाजसेवी राकेश गुप्ता ने विद्यालयों की समय में परिवर्तन करने की जिला प्रशासन से की मांग

### जिला प्रशासन से सभी विद्यालय का समय सुबह दस बजे तक ही करने की लगाया गुहार, जाम स्थिति से निपटारा की मांग

### हजारीबाग में लगातार तापमान में परिवर्तन एंव बढती तापमान की गर्मी से आम आवाम काफी परेशान – राकेश गुप्ता

**हज़ारीबाग़** – समाजसेवी सह जनता दल यूनाइटेड के पूर्व प्रदेश सचिव ने राकेश गुप्ता ने दिन शुक्रवार को शहर के कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन से बढती गर्मी को देख सभी विद्यालयों की समय में परिवर्तन करने की मांग की। बढती तापमान की गर्मी से बच्चों को विद्यालय जाने- आने में काफी देख समाजसेवी राकेश गुप्ता ने समय में परिवर्तन करने का गुहार लगाया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन से सभी विद्यालय का समय सुबह से लेकर सुबह दस बजे तक करने की मांग की। एंजेल्स हाई स्कूल के पास अक्सर सुबह के समय में बडे गाडियों



के आवागमन से जाम की स्थिति उत्पन्न पर प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया। सुबह के समय में वहाँ बडे गाडियों का परिचालन निषेध करने की भी मांग की। हर मुख्य मार्ग पर जाम स्थिति से निपटारा की भी मांग की। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हजारीबाग में लगातार तापमान में परिवर्तन व बढती तापमान की गर्मी से आम आवाम काफी परेशान हैं। आम आवाम के साथ- साथ विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता रहा है। तपती धुप में बच्चे विद्यालय से घर आते हैं। जिसमें बच्चे धुप की चिलचिलाहट से लु लगने की संभावना बढ रहा है। उन्होंने बताया कि धुप से बच्चे झुलसकर बिमार हो रहें हैं। इससे पूरा परिवार अस्तव्यस्त होने की संभावना बढ गई है। जिससे आने वाले समय में काफी बच्चे लु के बिमारी के घेरे में आएंगे और पढाई भी प्रभावित होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आशा व उम्मीद जताया कि सभी विद्यालय का समय में परिवर्तन का सकारात्मक पहल होगा।

# डाड़ी कलां में नल जल योजना बेहाल खुद पानी को प्यासा, जलमीनार बने, लेकिन ग्रामीणों को एक बूंद पानी नहीं मिला

**बड़कागांव** – बड़कागांव के डाड़ी कलां में नल जल योजना अब भी अधूरी है। जलमीनार बन गये, सप्लाई पाइप बिछा दी गयी, घरों में कनेक्शन जोड़कर नल तक लगा दिये गए, पर उससे एक बूंद पानी ग्रामीणों को नहीं मिला। उक्त कार्य 3 महीना पूर्व संपन्न कराया गया है। बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलां पंचायत के कुंवा टोला में 15वें वित्त आयोग के तहत सोलर जल मीनार एक ऐसे बोर में लगाया गया है जिसमें पूर्व से ही हैंडपंप खराब पड़ा हुआ था। ऐसे में उक्त खराब पड़े चापानल को उखाड़ कर सोलर चालित जलमीनार तो लग




गया, लेकिन लोगों को इससे एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। यहां के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में नदीम के घर के सामने 15वें वित्त से लगा जल मीनार कोई काम का नहीं है।जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि यहाँ पानी की बहुत समस्या है। पहले इस बोरिंग में हैंड पंप लगा हुआ था जिससे पानी हमेशा आता था जो पिछले कुछ महीनों से खराब था। लेकिन जबसे 15 में वित्त आयोग का राशि से जल मीनार का निर्माण कराया गया तब से एक बूंद भी पानी नसीब नही हो रहा है ।

# बिहार के गाड़ी में यूपी से जानवरों की तस्करी, झारखंड में प्रवेश करते धराए

**चौपारण** – चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह आए दिन बड़े खुलासे कर रहे हैं और तस्करों के कुंडली को खंगालते नजर आ रहे हैं। पर तस्करों का लत छूटता नहीं दिख रहा है और वे पहले की तरह ही यूपी से अवैध पशुवों को लोड कर बिहार नम्बर की गाड़ी से झारखंड के बॉर्डर में प्रवेश करते हुए बंगाल में तस्करी का प्रयास कर रहे हैं। पर चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक सिंह ऐसा होने नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को भी अहले सुबह एक पिकअप में क्रूरतापूर्वक लदे 16 भैंस के बच्चे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जॉइनिंग के 66 दिनों के अंदर इनके द्वारा 23 कारवाई कर चुके हैं। जिसमें करोड़ो के मादक पदार्थ जप्ती के अलावा 39 तस्करों को जेल भेज चुके हैं।

### झारखंड बॉर्डर में घुसने का प्रयास कर रहे दो तस्कर गिरफ्तार

गुप्त सूचना के आधार पर चोरदाहा चेकपोस्ट पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के निर्देशानुसार जाँच के क्रम में शुक्रवार के अहले



सुबह जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के क्रम में पिकअप वाहन पंजियन संख्या- बीआर 03 जीबी 9703 से 16 भैंस का बच्चा कुरतापूर्वक लोड पाया गया, जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षमता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये, जिनसे बरामद वाहन एवं जानवरों के संदर्भ में वैद्य कागजात का मांग करने पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार ब्यक्तियों ने अपना नाम रामकिशोर सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष पिता हरेन्द्र सिंह ग्राम कुसमाही थाना उतवन्त नगर जिला-भोजपुर और मो सोनु उम्र-26 वर्ष पिता मो0 मुख्तार ग्राम नमजद गौरा लालपुर थानाजखनिया जिलाबगाजीपुर (यु0पी0) बताया। बरामद प्रदर्श को जप्त कर चौपारण थाना में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज अनुसंधान की जा रही है। यह जानकारी बरही डीएसपी सुरजीत कुमार और थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। छापेमारी दल में पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण,सअनि संजय यशदा चोरदाहा चेकपोस्ट चौपारण और चौपारण थाना एवं चोरदाहा में तैनात सशस्त्र बल शामिल थे।

# चतरा लोकसभा सीट से ओबीसी समुदाय से उम्मीदवार बनाया जाय – राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा



**हज़ारीबाग़** – झारखंड प्रदेश अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा झारखंड प्रदेश के पदाधिकारीयों ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मिलकर उनसे चतरा लोकसभा सीट से ओबीसी समुदाय से उम्मीदवार देने की मांग किया। राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा जो लगातार प्रदेश में ओबीसी की समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है, अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता से मुलाकात कर राज्य के एस सी, एस टी, ओबीसी एव, अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की थीं। अखिल भारतीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को बताया गया कि चतरा ओबीसी बाहुल क्षेत्र है , इसलिए यहाँ से ओबीसी की उम्मीदवारी का हक बनता है।

# गायत्री महायज्ञ को लेकर गोमिया में निकाली गई कलश यात्रा



**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के गोमिया पंचायत के गोमिया बस्ती स्थित श्री श्री मध्य दुर्गा मंदिर परिसर में 26 से 29 अप्रैल तक 9 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को यज्ञ मंडप में गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात 251 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई.जो यज्ञ मंडप से शुरू होकर महतो टोला,मोदी टोला,थाना चौक,पोस्ट ऑफिस मोड़, पुराना सिनेमा हॉल,कोठी टांड़,गोमिया बस्ती होते हुए भगत अहरा तालाब पहुंचा.जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया. तत्पश्यात महायज्ञ शुरू किया गया. इस अवसर पर विधायक डा लंबोदर महतो ने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण शुद्ध एवं पवित्र हो जाता है और लोगों को सभी कार्यों के साथ कुछ समय धार्मिक कार्यों में भी लगाना चाहिए. वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार गोमिया प्रखंड के सदस्यों ने बताया कि गोमिया में 26 से 29 अप्रैल तक 9 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें प्रथम दिन शुक्रवार को प्रातः सदगृंथ एवं दिव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई. संध्या में आद्य शक्ति गायत्री,युग शक्ति गायत्री से संबंधित संगीत व प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया. 27 अप्रैल की प्रातः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ, दोपहर युवा सम्मेलन,संध्या में यज्ञ का ज्ञान विज्ञान से संबंधित संगीत व प्रवचन कार्यक्रम. 28 अप्रैल की प्रातः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार, दोपहर कार्यकर्ता गोष्ठी,संध्या संगीत प्रवचन एवं दीप महायज्ञ. 29 अप्रैल को प्रातः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, गायत्री महायज्ञ एवं दीक्षा संस्कार, पूर्णाहुति एवं टोली विदाई का कार्यक्रम किया जाएगा.कलश यात्रा में विधायक डा लंबोदर महतो, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, मुखिया बलराम रजक, पूर्व मुखिया बिनोद पासवान,राजकुमार यादव,रोहित यादव, संदीप स्वर्णकार, प्रेम कुमार,लालू जायसवाल, प्रमोद स्वर्णकार, महेश स्वर्णकार,शंकर वर्मा, संजय स्वर्णकार,फागू स्वर्णकार,मालती देवी, रविंद्र प्रसाद,बिनोद यादव,रौशन स्वर्णकार, परमेश्वर स्वर्णकार,अजय पांडेय, विजय जायसवाल सहित गायत्री परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे.

# झुमरा पहाड़ के पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने एक भरठुआ बन्दूक को किया बरामद



**गोमिया।** बोकारो जिले के झुमरा पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों के भर्मणशील होने की सूचना पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान तलाशी के क्रम में एक भरठुआ बन्दूक को बरामद किया है। इस संबंध में बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमाण्डर बिरसेन उर्फ चंचल एवं उसके साथियों के झुमरा पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त होने पर सीआरपीएफ, झारखण्ड जगुआर एवं जिला पुलिस बल को सम्मलित कर एक संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया था। छापामारी के क्रम में थाना प्रभारी ललपनिया एवं झारखण्ड जगुआर ए0जी0-15 के सर्च टीम ग्राम लालगढ टोला लईयोगढ़ा पार कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ से एक फायर हुआ। जिसका सर्च टीम के द्वारा पीछा किया गया, लेकिन जंगल का फैदा उठाकर भाग गया. सर्च टीम के द्वारा तलाशी में एक भरतुआ बंदुक पाया गया. वहीं अभियान के क्रम में सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ 26 बटालियन सी -कम्पनी एवं रहावन ओ0पी0 प्रभारी के टीम के द्वारा झुमरा पहाड के जंगल में नक्सलियों के छिपने का ठिकाना का पता लगाया गया। जहाँ रहने, खाना बनाने, मोर्चा आदि पाया गया। जिसे सर्च टीम के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है तथा नक्सलियों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है.

**पुलिस के द्वारा नक्सलियों के बरामदगी सामान**

1. मजल लोडिंग भरठुआ बंदुक-एक,
2. उग्रवादियों के द्वारा प्रयोग किए जा रहे मिट्टी का चुल्हा, मचान, लकड़ी को काट कर मोर्चा आदि को अभियान शामिल सर्च टीम के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया.

**छापामारी अभियान में शामिल सदस्य**

1. प्रभात कुमार, सहायक समादेष्टा, सीआरपीएफ 26 बटालियन सी -कम्पनी,
2. जगदेव पाहन तिर्की, पुलिस निरीक्षक झारखण्ड जगुआर, ए0जी0-15,
3. शशि शेखर कुमार, ओ0पी0 प्रभारी, ललपनियां ओ0पी0,
4. जय प्रकाश एक्का, ओ0पी0 प्रभारी रहावन ओ0पी0,
5. दीपक कुमार राणा, थाना प्रभारी चतरोचट्टी थाना,
6. रंजीत प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महुआटॉड थाना,
7. सीआरपीएफ , झारखण्ड जगुआर एवं जिला बल के सशस्त्र जवान.

# इंटरमिडिएट की पढ़ाई शुरू करने के लिए प्राचार्य को दिया आवेदन

**4मई को सिंदरी कॉलेज के मुख्य द्वार पर पुतला दहन 14मई को माथा मुंडन कर जताएंगे विरोध**



**सिन्दूरी-** पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में सिंदरी कॉलेज सिंदरी के प्राचार्य के द्वारा कुलपति बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमिडिएट की पढ़ाई को शुरू करने के लिए आवेदन दिया । पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में अंगीभूत महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई को बंद कर देना सीधे तौर पर गरीब मजदूर किसान वर्ग से आने वाले छात्र छात्राओं को पढ़ाई से वंचित करने का षडयंत्र किया जा रहा है और कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन के इस तरह के रवैया को यदि बदलाव नहीं करते हैं और छात्रहित में फैसला नहीं करते हैं तो हम लोगों के द्वारा 4/05/2024 तारीख को सिंदरी कॉलेज के मुख्य द्वार पर पुतला दहन किया जाएगा और 14/05/2024 तारीख को माथा मुंडन किया जाएगा और विश्वविद्यालय प्रशासन का श्राद्ध कर्म किया जाएगा और? वहीं पर जब तक इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू नहीं किया जाता है तब तक सभी छात्र छात्राओं के साथ आमरण अनशन में रहेंगे और इस बीच कुछ भी होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज प्रशासन की होगी। मौके पर काजल महतो,आकाश महतो,रोहित रजक,संतोष हंसदा,सूरज गुप्ता,शिवा हेंब्रम,आदि उपस्थित थे।

# मुखिया प्रतिनिधि के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ली...





**कतरास,** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के मतारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में मतारी निवासी पुरन रजवार, मो फिरोज अंसारी,जिएलगढ़ा निवासी रोहन महतो , शक्तिपुर निवासी अशोक कुमार गोप, अमित गोप,उत्तम गोप, तथा सोंरीयाटांड निवासी बद्री सिंह हैं। इस अवसर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, महेंद्र दास, तारा बाबू, आनंद गोप,प्रिंस कुमार,काली चरण कुम्हार आदि उपस्थित हुए।

# एलआईसी मैदान में स्वदेशी खादी महोत्सव आयोजित





**बोकारो,** एलआईसी मैदान सेक्टर चार में शनिवार से स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन किया जाना है ,इसी को लेकर मेला प्रबंधन के द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, प्रेसवार्ता के दौरान प्रबंधन ने बताया कि हमारी संस्था स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन हर जगहों पर करती है, भिन्न-भिन्न प्रकार के आयोजन कर शिल्पियों के हित में एवं संबंधी बनाने का काम करती है हमारी संस्था पूर्णरूप से स्वालम्बी, नॉन प्रॉफिटेबल, गैर सरकारी संस्?था है। संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के हर वर्ग के उन गरीब एवं मध्यम वर्गीय शिल्पियों एवं कारीगरों को दृद कर उन्हें तराशना तथा अपने प्रशिक्षण प्रदान कराकर रॉ मेटेरियल उपलब्ध कराते हुए इनको उचित पारश्रमिक दिलाना, जिससे ये आम विचौलियों से सुरक्षित होते हैं ,तथा आम नागरिकों को भी फायदा होता है। संस्था ऐसे आयोजनो को विभिन्न शहरों में आयोजित कराकर शिल्पियों के मनोबल को बढ़ाने का काम करती है ताकि ये शिल्पी भी देश की चोमुखी विकाश में भागीदारी बन सके,वहीँ इस प्रदर्शनी का मुख्य कपड़ो में खादी कुर्ता, शर्ट, बनारसी शिल्क साड़ी,एवं शूट, लखनवी चिकन, चन्देली साड़ी, जुट के समान, चप्पल ,बैग, बंगाली साड़ी, एवं सहारनपुर का फर्नीचर, लेदर पर्स, आदि ,आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वृद्धा की हुई मौत

**अज्ञात वृद्ध का नहीं हुई पहचान**



**पेटरवार-** पेटरवार एन एच 23 पेटरवार - बोकारो पथ पर थाना क्षेत्र के उत्तासारा स्थित बैंक के पास शुक्रवार की सुबह करीब सवा पांच बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात 60 वर्षीय वृद्ध गंभीररूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची 108 एम्बुलेंस से पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हेमलता तिग्गा ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया लेकिन उक्त अज्ञात वृद्ध का पहचान नहीं होने के कारण और उचित इलाज नहीं होने के कारण कई घंटे के बाद उसकी मौत अस्पताल के बैड में हो गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज ने बताया कि इसकी सूचना पेटरवार पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह उक्त अज्ञात वृद्ध व्यक्ति उत्तासारा के पास सड़क पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके सर पर गंभीर चोट लगी थी। अज्ञात व्यक्ति का बायां हथेली मुड़ा हुआ था।

# डोभा बनाने वाला नजरूल हुआ जेसीबी का शिकार ,जेसीबी के बोकेट ने ली प्राण

**- गहरी नींद ने नजरूल को सदा के लिए सुला डाला ।**

**बेरमो ।** बेरमो अनुमंडल के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अंतरगर्त ऊपरघाट स्थित पेंक-नारायणपुर थाना के पेंक पंचायत बोरवापानी निवासी नजरूल अंसारी की दर्दनाक मौत जेसीबी मशीन से होनी की खबर क्षेत्र में सनसनी शुक्रवार को अहले सुबह फैल गयी ।सभी की दब्बे जुबान से मौत कैसी हुई ढुढ़ने में लग गयी ,आखिर ग्रामिणों ने अंततः ढुढ ही निकाला ।प्राप्त जनकारी के अनुसार बोरवापानी निवासी नजरूल अंसारी अपने गाँव के नजदीक चरकी पहरी जंगल स्थित परती कदम जमीन पर मनरेगा का डोभा निर्माण जेसीबी से गुरूवार की रात्री में करवा रहा था ,मशीन को चालु करवा कर वह बगल में ही एक सखुआ पेड़ के नीचे सौ गया ।जेसीबी कार्य करते करते नजरूल की सोया हुआ स्थल तक पहुँचकर चालक उसे जगाने गया ,तभी बोकेट नजरूल के सिर( माथा) पर जा गिरा जिससे नजरूल को गहरी चोट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गया ।

# लड़की की शादी के लिए संस्था ने की आर्थिक मदद

**सबसे बड़ा दान कन्या दान। अमल दास'**





**धनबाद /** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा,स्वास्थ् की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के द्वारा धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों में तीन गरीब लड़कियों के शादी में सहयोग किया गया जैसे महुदा के चरकीटांड गांव के दुर्योधन महतो के पुत्री सरिता कुमारी ओर कतरास के पूर्ण श्याम बाजार निवासी अब्दुल मनोवर की पुत्री साहिन प्रवीण और सिजुआ निवासी मंजूर खान के पुत्री जमीला के शादी में सहयोग हेतु आज संस्था की ओर से पांच पांच हजार रुपए के चेक और एक साड़ी संस्था के संस्थापक सह सचिव अमल दास जी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो तरगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कैलाश रेवानी और तोपचाची पंचायत के मुखिया कपिल के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में चेक सोपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए अमल दास जी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,बंगाल में भी संस्था जो कार्य कर रही है जो बहुत ही सरणीय बात है। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,कियुकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है । संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो, इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोला जा रहा है ताकि गरिबो को बच्चा सही और अच्छा शिक्षा प्राप्त कर सके । आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जिस महिला अपने आप में आत्मनिर्भर बन सके। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना,संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करते आ रही है ये बहुत ही कबीले तारीफ की बात है । मौके पर एसोसिएट पूर्णिमा देवी, नेहा देवी,गीता देवी, निर्मला देवी के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित थे

# डीएवी सेक्टर-6 के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए शेप हंट प्रतियोगिता का आयोजन



डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में शुक्रवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप ( नई शिक्षा नीति ) के अन्तर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों पर आधारित ÷शेप हंट प्रतियोगिता÷ का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं डीएवी गान से प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में विभिन्न आकृतियों को सीखने में मदद मिलती है, विभिन्न आकृतियों के कितने कोने होते हैं, कितनी भुजाएं होती है आदि के बारे में जानने से विभिन्न वस्तुओं के बीच के अंतर को समझने में सक्षम होंगे । विद्यार्थियों ने काफी उत्साह पूर्वक इस कार्य क्रम में भाग लिया । इस प्रतियोगिता में एल के जी से अभिनन्दन सिन्हा , अर्णव मिश्रा,रोहन राज, श्रृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, मेवान कुमार, सात्विक तथा यू के जी से अर्णव मंडल, आरोही, आदित्य अखिल, आकृति अंश, दिशांत, हर्ष, निधि, निखिल, पलक, रिद्धि प्रिया, राजवीर, रौनक राणा, रिहान, रिधिमा, साहिल सक्षम शिवांश, शान्वी, श्रेया, शिवांश, यश, युग, सोनम ने भाग लिया । विद्यालय के चारों सदन श्रद्धानंद सदन, दयानंद सदन, हंसराज सदन एवं विवेकानन्द सदन के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया । मंच संचालन भावना घले एवं धन्यवाद ज्ञापन अराधना ने किया । इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद थे ।

# चतरा लोकसभा मे ओबीसी उम्मीदवार पर पुनर्विचार किया जाय - ओबीसी मोर्चा



**रांची** - कांग्रेस पार्टी के छ्ब्ब्ष्ट मेंबर व एआईसीसी इंचार्ज गुरदीप सिंह सप्पल से दिल्ली के मिलाप बिल्डिंग में मिल कर झारखंड प्रदेश में हुए टिकट बंटवारे में ओबीसी के साथ हुए ना इंसाफी से अवगत कराया और चतरा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार पर पुनर्विचार कर ओबीसी उम्मीदवार देने हेतु राहुल गांधी जी के नाम मांग पत्र सौंपा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा की श्री सप्पल ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए केंद्रीय नेतृत्व तक इस मैसेज को पहुंचा देने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार उपस्थित थे ।

# बगडू थाना पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार




**लोहरदगा** -जिले के बगडू थाना पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी दल गठन कर एक देशी कट्टा बरामद करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बगडू थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमां के दिशा निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के निरहू गांव से एक युवक के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। साथ ही युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिसकी पहचान बवनड़िहा गांव निवासी 32 वर्षीय किशोर तिर्की पिता स्वर्गीय सुरेश तिर्की के रूप में हुई है। अपने ससुराल निरहू में था जानकारी के अनुसार बगडू थाना प्रभारी वारिस हुसैन को एक युवक अपने पास देशी कट्टा लेकर घूमने की सूचना मिली थी। जिसके बाद गठित टीम निरहू पहुंचने पर युवक पुलिस देख कर भगाने लगा।जिसके बाद पकड़ कर बगडू थाना लगाया गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में बगडू थाना कांड संख्या 9/2024 धारा ह्व/ह्य-25( 1-क्क)/26 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# आईपीएल फैन पार्क का 27 व 28 अप्रैल को गोल्फ ग्राउंड में होगा आयोजन




**धनबाद**- धनबाद में आईपीएल के फैन पार्क का आयोजन 27-28 अप्रैल को गोल्फ ग्राउंड में बड़ी स्क्रीन पर कोयलांचलवासी मैच का मजा उठायेंगे।पहले दिन दिल्ली-मुंबई और लखनऊ-राजस्थान रविवार को गुजरात-बेंगलुरु और चेन्नई-हैदराबाद के बीच मैच का होगा प्रसारण अभी आईपीएल के रंग में पूरा देश डूबा हुआ है। बीसीसीआई छोटे-छोटे शहर के नागरिकों सभी टीम के फन को खेल कबड्डी स्कीम पर लुफ्त उठाने का काम रही है। इस रंग में कोयलांचल वासियों को रंगने के लिए बीसीसीआई 27 व 28 अप्रैल को धनबाद में फेन पार्क का आयोजन कर रही है।चुनावी बयार के बीच बीसीसीआई द्वारा आयोजित आईपीएल की धूम भी पूरे देश में मची हुई है।देश के छोटे-छोटे शहरों को भी इससे सीधे जोड़ने के लिए बीसीसीआई फेन पार्क का आयोजन कर रही है। धनबाद में भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए इस साल भी 27 व 28 अप्रैल को फेन पार्क का आयोजन किया जा रहा है।गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इस धमाल में न सिर्फ बड़ी स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जायेगा, बल्कि बच्चों और दूसरा मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध कराया जायेगा। गर्मी को देखते हुए पीने के पानी की भी निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। बीसीसीआई से आये सतपाल निकाडी ने बताया कि इस पर फेन पार्क में चार भाग्यशाली लोगों को लक्की ड्रा के माध्यम से खिलाड़ियों के हस्ताक्षरित टी शर्ट दिया जायेगा। वहीं झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट रिप्रेजेंटेटिव विनय सिंह ने बताया कि बीसीसीआई द्वारा धनबाद में फेन पार्क का आयोजन किये जाने का लाभ यहां के किक्रेट प्रेमियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि धनबाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की डिमांड लंबे समय से की जा रही है, परंतु नहीं मिलने के कारण आईपीएल जैसे क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं हो पा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह निर्दलीय अभिषेक सिंह ने किया नामांकन

**नामांकन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी संग किया रोड शो...**

**नामांकन को लेकर शहर के बाबा घाट मैदान में बाबूलाल मरांडी ने किया जनसभा को संबोधित...**

## बोले अबकी बार 400 सौ से पार, मोदीमय होगा देश

**अजय चौरसिया**

**चतरा** - चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्यासी कालीचरण सिंह व निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप के समक्ष अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व दोनों प्रत्याशियों ने आने अपने समर्थकों के साथ रोड शो किया। भाजपा उम्मीदवार के साथ प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के आलावे भाजपा के अन्य शीर्ष नेता शामिल थे। नामांकन से पूर्व शहर के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष नेता ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री



बाबुलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब चतरा लोकसभा की जनता की मांगों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए चतरा के बेटे को किसी राष्ट्रीय पार्टी ने प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। ऐसे में यहां की जनता काफी उत्साहित है,और कालीचरण सिंह को भारी बहुमत के साथ लोकसभा भेजने के लिए तैयार है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार अगर किसी पार्टी ने चतरा के लाल को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है तो इस कुछ कहने का विषय ही नहीं बचता। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में कानून से बढ़कर कोई नहीं है। जिसका परिणाम है कि आज हेमन्त सोरेन को जेल जाना पड़ा है। उन्होने कहा कि इतिहास गवाह है युवाओं के भविष्य को जिसने बेचा है उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़ा है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जेल जाने से पहले हेमंत सोरेन ने भले ही चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री बना दिया है,परन्तु आज भी राज्य में भ्रष्टाचार और कोयला,बालु और पत्थर जैसे खनिज पदार्थों का धड़ल्ले से लुट जारी है। वहीं उन्होंने महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि जनता सब जानती है महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। मौके पर विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जनार्दन तिवारी मंच संचालन जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने अध्यक्षता की।

# धनबाद के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट दें - सीता राणा



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी के नेतृत्व में मनईटांड, गांधी नगर सब्जी बगान, मटकुरिया क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

मौके पर सीता राणा ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि धनबाद का विकास कांग्रेस प्रत्याशी ही कर सकता है। सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा कीजिए यह आम आदमी के जीवन को बदलने और खुशियां लाने वाला है।

जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने कहा कि आजं कुछ लोग धनबाद में विकास ना होने और विकास करने का दावा कर रहे जबकि धनबाद में उन्हीं का प्रतिनिधित्व रहा है। इस झूठे वादे और झूठे सपने से बचना है और धनबाद के सपने को पूरा करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हाथ का बटन दबाना है।

धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की प्रचंड जीत होगी। धनबाद नगर में महिला कांग्रेस द्वारा सघन जन संपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की ज रही है। धनबाद की जनता कांग्रेस के विचारधारा के साथ है।

जन संपर्क अभियान में नूतन विश्वकर्मा , सुनीता निषाद, रजनी देवी, गीता सिंह, मुस्कान कुमारी, सिक्की देवी, रिंकू देवी, भागी महतो, पार्वती देवी, बिटू सिंह, निशा देवी, रीना देवी, बॉबी शर्मा, ओम गीता, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थी।

# जिले के बाहर से प्रत्याशी देने का कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सिविल सोसाइटी ने किया विरोध

**धनबाद** - जिले के बाहर से कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिलने के खिलाफ धनबाद जिले के कांग्रेसियों तथा सिविल सोसाइटी ने गहरा रोष व्यक्त की है।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा सिविल सोसाइटी का ख्याल रखते हुए कांग्रेस आलाकमान से प्रत्याशी बदलने की मांग की है। इसको लेकर शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर उन्होंने विरोध प्रदर्शन भी किया तथा पार्टी हित में इस पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने कहा की लगातार 5 वर्षों तक सड़क पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर जिले से बाहर की एक महिला प्रत्याशी को टिकट देने का उन्होंने पुरजोर विरोध किया। चुनाव आने पर 2019 में भागलपुर से कीर्ति झा आजाद तथा वर्तमान में 2024 में बेरमो विधायक जय मंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह जो कि एक साधारण हाउसवाइफ है उसे टिकट देना बेहद आपत्तिजनक स्थिति है। प्रदेश राज का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रत्याशी गुलाम अहमद मीर ने आला कमान को




गुमराह कर प्रत्याशी बनवाने का काम किया है।यह निश्चित रूप से एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के स्लोगन जिनकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के तहत पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक समाज की हिस्सेदारी दिलाने के संकल्प के सोच का अपमान है। यह निर्णय धनबाद से भाजपा की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करती नजर आती है। लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब ने स्थानीय नेताओं के अनुरोध पर आश्वासन दिया था कि धनबाद जिले से स्थानीय प्रत्याशी दी जाएगी। रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन में गणपत महतो, मणिलाल महतो, पुष्पा कुमारी, महेश कुमार, विष्णु प्रमाणिक, अजय सिंह, गणेश महतो, विष्णु महतो, सोनू महतो, सोनू सिंह, गोविंद दास, कार्तिक दास, अमित दास, विजय दास, हरीश दास, अजीत मुनव्वर अंसारी, गुलाम हसनैन, मंजर अली, गुड्डू अंसारी, मोहन महतो, शांति राम महतो ,सरवन गुप्ता, दीनानाथ केवट, पुष्पा कुमारी, ज्योति देवी, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, कविता देवी, दासी देवी ,संपित देवी, फुलवा देवी, मालती देवी, तुलोना देवी, सावित्री देवी, चुटिया देवी, प्रतिभा देवी, गीत देवी, सचिन महतो, मणिलाल महतो आकाश तथा विकास समेत सैकड़ो उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान 2024 को सफल बनाने को लेकर डाक कर्मियों की गोष्ठी आयोजित

**हजारीबाग** – डाक विभाग द्वारा कॉलेज मोड़ उप डाकघर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता एक्शन प्लान 2024 कार्य योजना को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्रजेश कुमार पासवान, सहायक डाक अधीक्षक, हजारीबाग ने सेंट्रल सब डिवीजन के उप डाकघर व शाखा डाकघर के डाकपाल, बीपीएम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें। साथ ही डाकघर परिसर समेत आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। ग्राहकों के लिये स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रखें। उन्होंने आगे कहा कि साफ-सफाई से संबंधित प्रत्येक डाकघर में त्रैमासिक कार्य योजना तैयार करें। साथ ही डाकघर में कागजातों का रख-रखाव सही तरीके से किया जाए। उन्होंने डाक कर्मियों से अपील किया कि समाज को स्वच्छ रखने में डाक विभाग अपना पूर्ण सहयोग करें। इसकी शुरूआत अपने कार्यालय से करें। उन्होंने उपभोक्ताओं को हर सुविधा मुहैया कराने व उन्हें डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की पूर्ण जानकारी देने की बात कही। जिससे उपभोक्ता इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सके। वहीं मौके पर उप डाकपाल नंदन कुमार, केडी सिंह, राज सेठी, अभय लकड़ा, रामाश्रय प्रसाद, सिकन्दर कुशवाहा, डाक सहायक पंकज कुमार, रामकुमार शर्मा, पोस्टमैन दिलीप कुमार, शाखा डाकपाल राजीव रंजन मिश्र, दामोदर यादव, संजीत यादव, बेबी कुमारी, जितेन्द्र कुमार, रेखा देवी, अविनाश हेम्ब्रम सहित काफी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा से कालीचरण सिंह व निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक ने किया नामांकन, डीसी ने प्रेस ब्रीफ कर जानकारी दी

**चतरा,** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव को लेकर पत्रकारों साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होने प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को जानकारी दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया जारी है जो 03 मई 2024 तक 11:00 बजे से 03:00 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से समाहरणालय के 100 मीटर के दायरे में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैयनाती की गई है। नामांकन के दौरान उम्मीदवार के साथ चार लोग को ही निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में आने की अनुमति है। आगे कहा आज 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फॉर्म लिए गए है। जिसमें आज नामांकन के



पहले दिन कुल 02 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह, पिता बैजनाथ सिहं वहीं निर्दलीय से अभिषेक सिंह, पिता राकेश कुमार सिंह ने अपना-अपना नामांकन दाखित किया। उन्होने कहा जो उम्मीदवार चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ना चाहते है वो उम्मीदवार 11:00 बजे से 03:00 बजे तक नोमिनेशन फाईल कर सकते है। दिनांक-27 अप्रैल एवं 28 अप्रैल एनआईए एक्ट के तहत अवकाश होने के कारण नोमिनेशन फाईल नहीं किया जाएगा। दिनांक 04 मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक-06 मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते है। वहीं 20 मई 2024 को मतदान दिवस है एवं 04 जून 2024 को वोटों की गिनती की जाएगी। चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या-1685462 है जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, जिला के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# जेईई मेंस में प्रिंस का आया 99.5 प्रतिशत अंक



**चतरा** - जेईई मेंस का परिणाम गुरूवार को जारी कर दिया गया है। आधिकारिक वेबसाइट पर जारी परिणाम में चतरा के प्रिंस राज ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त चतरा जिला का नाम रौशन किया है। प्रिंस शहर के पुराना पेट्रोल पंप रोड निवासी पवन गुप्ता का पुत्र है। बताया कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता का परिणाम है। उसने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। बताया कि इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में इतना अच्छा परिणाम प्राप्त करना किसी भी छात्र के लिए गर्व की बात है। प्रिंस मैट्रिक की परीक्षा बिहार के संत जोसेफ भागलपुर से किया है।

**चुनाव में सभी नेता वोट मांगने के लिए आते हैं लेकिन सांसद विधायक बनने के बाद नजर नहीं आते हैं। अगर सांसद विधायक अपने कार्यों के प्रति ईमानदार होते तो चैनपुर से लोहरसिमि सड़क की यह हालत नहीं होती। डोमन प्रसाद,ग्रामीण,चैनपुर।**



**यहां की जनता लगभग दशकों से, सड़क बनने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। विभाग की लापरवाही और नेताओं की ढीले रवैया के चलते सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। मुनि लाल कश्यप,ग्रामीण, चैनपुर**



**चैनपुर से रंका मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल हैं। सड़क के कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के मौसम में इस सड़क पर चलना दुर्लभ हो जाता है। देवेंद्र ठाकुर,ग्रामीण,चैनपुर।**



**चैनपुर से लोहरसिमि सड़क दर्जनाधिक गांवो को जोड़ती हैं। वर्षों से इस सड़क का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है बरसात के दिनों में तो और मुसीबत हो जाती है। बीरेंद्र प्रसाद,ग्रामीण,चैनपुर।**



## अमेरिका में हिंसक हुआ फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, कई गिरफ्तार




ऑस्टिन। इजरायल-हमास युद्ध के खिलाफ अमेरिका के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। इसकी शुरुआत ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय से हुई थी जहां ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन उग्र हो गए और उन्हे खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़पे हुई हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार रात 93 लोगों को गिरफ्तार किया। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपने परिसर को बंद करने की घोषणा की है। बोस्टन के इमर्सन कॉलेज में 108 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। झड़प में चार पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। कैलिफोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी, हम्बोल्ट में प्रदर्शनकारियों को एक इमारत के अंदर रोक दिया गया है। कुछ यहूदी छात्रों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन यहूदी विरोधी भावना में बदल गया है। हालांकि, कोलंबिया विश्वविद्यालय में बुधवार को तनाव कम होता दिखाई दिया, जब विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए इजरायल के विरोध में बनाए गए शिविर को हटाने की समयसीमा मंगलवार को 48 घंटे के लिए बढ़ा दिया। रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी, मिशिगन यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और हम्बोल्ट में सहित अन्य परिसरों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने गाजा में नागरिकों पर इजरायली हमलों पर लगाम लगाने के लिए अमेरिकी सरकार पर दबाव बनाने की मांग की है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने बुधवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन के साथ उस समय धक्का-मुक्की और हूटिंग की जब वह फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के कारण भयभीत यहूदी छात्रों का समर्थन करने मैनहट्टन परिसर में गए थे।

## अमेरिका में पुलिस ने की भारतीय युवक की हत्या

### -रूममेट को गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप था

टेक्सास। अमेरिका के सैन एंटोनियो में पुलिस ने एक भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल की है, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। मृतक का नाम सचिन साहू बताया गया है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। सैन एंटोनियो पुलिस के मुताबिक, सचिन ने एक 51 साल की अपनी रूममेट को गाड़ी से टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वो वहां से भाग गया था। पीड़िता की हालात गंभीर है। इस मामले में पुलिस साहू के खिलाफ जांच कर रही थी। पुलिस ने साहू के खिलाफ जांच शुरू कर दी और गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 21 अप्रैल को शाम 6-30 बजे पुलिस उसके घर सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स पहुंची तो साहू वहां से भाग गया। कुछ ही घंटों के बाद साहू के पड़ोसियों ने उसके घर पर मौजूद होने की जानकारी पुलिस को दी। जब पुलिस उसको पकडने के लिए पहुंची तो साहू ने भागने की कोशिश की और अपनी गाड़ी से दो पुलिस अधिकारियों को टक्कर मार दी। उसी समय वहां मौजूद पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने साहू पर गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।

## अपने पांचवें कार्यकाल में चीन की पहली विदेश यात्रा पर जाएंगें पुतिन

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा कर बताया कि मई में चीन की यात्रा करने की योजना बनाई है। पुतिन की यात्रा 7 मई को अपना अगला कार्यकाल शुरू करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में किसी विदेशी देश की उनकी पहली यात्रा होगी। 71 वर्षीय रूसी नेता ने अपने 24 साल के शासन को बढ़ाते हुए बिना किसी वास्तविक विरोध के एक वोट में अपना पांचवां कार्यकाल हासिल किया। रूसी सांसदों ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि पुतिन का उद्घाटन 7 मई को निर्धारित है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण रूस के बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक अलगाव ने रुस को चीन पर निर्भर बना दिया है, जो शीत युद्ध के दौरान कम्युनिस्ट गुट के नेतृत्व के लिए उसका पूर्व प्रतिद्वंद्वी था। चीन ने बार-बार कहा है कि वह रूस को हथियार या सैन्य सहायता नहीं दे रहा है, हालांकि मॉस्को के साथ मजबूत आर्थिक संबंध बनाए रखे हैं। बीजिंग ने रूस के लिए प्रत्यक्ष घातक सैन्य सहायता प्रदान नहीं की है और खुद को यूक्रेन संघर्ष में तटस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की निंदा करने से भी इंकार किया है, जो अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। चीन ने एक शांति योजना का भी प्रस्ताव रखा है जिसे यूक्रेन के सहयोगियों ने काफी हद तक खारिज कर दिया है, जिन्होंने जोर देकर कहा था कि शांति की शर्त के रूप में मास्को को पड़ोसी देश से अपनी सेना वापस बुलानी होगी। चीनी सरकार ने भी मास्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों की निंदा की है और नाटो और संयुक्त राज्य अमेरिका पर पुतिन के आक्रमण को उकसाने का आरोप लगाया है।

## सैन एंटोनियो पुलिस ने भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की

सैन एंटोनियो। सैन एंटोनियो में पुलिस ने 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल को हुई, जब सचिन साहू नाम के व्यक्ति ने अपने वाहन से दो अधिकारियों पर हमला कर दिया, क्योंकि वे एक गंभीर हमले के मामले में मृतक सचिन को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। व्यक्ति को घटना स्थल पर मृत घोषित किया गया। साहू मूल रूप से यूपी के रहने वाले थे। सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, 21 अप्रैल को शाम 6.30 बजे से ठीक पहले, अधिकारी सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर में घातक हथियार से गंभीर हमले की रिपोर्ट के लिए पहुंचे। अधिकारियों को एक 51 वर्षीय महिला मिली जिसे जानबूझकर एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। जबकि संदिग्ध साहू स्थान से भाग गया, महिला को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बाद में, सैन एंटोनियो पुलिस ने साहू के लिए एक गंभीर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस बीच, एक अन्य अधिकारी को उसकी चोटों के इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी की चोटों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। मामले में आगे की जांच जारी थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि साहू ने अपने वाहन से उस महिला को कुचल दिया था, जो उसकी रूममेट थी। महिला की कई सर्जरी चल रही थी और उसकी हालत गंभीर थी। एक रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि साहू को बाइपोलर डिसऑर्डर का पता चला है।

## आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत

वाशिंगटन। अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है। अमेरिका ने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि ट्रेडमार्क उल्लंघन की जांच के साथ कुछ मामलों को सुलझाने करने में अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम के तहत प्रगति हुई है, लेकिन कई लंबे समय से चली आ रही कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। इनमें ऑनलाइन पायरेसी की उच्च दर शामिल हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा, भारत में पेटेंट का मुद्दा विशेष चिंता का विषय है। पेटेंट आवेदकों को पेटेंट अनुदान प्राप्त करने के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि का सामना करना पड़ता है।




ब्राजील में जमीन को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किये जाने की मांग करते हुए आदिवासी।

## फिर मुसीबत में ट्रंप, पोर्ट स्टार को पैसा देने के मामले की सुनवाई शुरु

न्यूयार्क। अमेरिका में चुनाव चल रहे हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें भी उन्ही के साथ चल रहीं हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। ट्रंप कहा कहना है कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी।



उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।दोनों ही मामलों से ट्रंप खुद को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह चुनावी दौड़ में एक बार फ्रि से मजबूती से सामने हैं, लेकिन देश के सुप्रीम कोर्ट के सामने आए मामले के नतीजे भविष्य के राष्ट्रपतियों पर भी प्रभाव डालेंगे।

## पाकिस्तानी झुनझुनवाला की गुहार सुनेंगे शहबाज? भारत से दोस्ती को लेकर कैसे फंसा देश

**कराची (एजेंसी)।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की हालत खराब हो चुकी है और वहां एक ही आवाज लगातार खोज रही है कि हिंदुस्तान से दोस्ती कर लो। हिंदुस्तान से दुश्मनी पालने वाले पाकिस्तान में यह मांग एक बार फिर उठ चुकी है। पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने हिंदुस्तान से दोस्ती की गुहार लगाई। फिर नवाज शरीफ की बेटी और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने हिंदुस्तान की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया। फिर आम पाकिस्तानियों ने चीन से दोस्ती को लेकर शाहबाज सरकार को कोसा और हिंदुस्तान से दोस्ती का दम भरा। अब पाकिस्तान के चर्चित बिजनेसमैन और स्टॉक मार्केट के दिक्कज खिलाड़ी आर एफ हबीब ने शाहबाज शरीफ को सबके सामने भारत के साथ रिश्ते बेहतर करने की नसीहत दे डाली। पाकिस्तान यानी पाकिस्तान



को जब से हिंदुस्तान ने आतंकवाद पर बेपर्दा किया है तब से वह पूरी दुनिया में अलग-अलग पड़ चुका है। वह कंगाल हो चुका है और पूरी दुनिया में उसकी कोई औकात नहीं है। शरीफ व्यापारिक नेताओं के साथ बैठक की। उनका देश नए, दीर्घकालिक और बड़े आईएमएफ ऋण की मांग कर रहा है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के अनुसार, इस्लामाबाद जुलाई की शुरुआत तक नए कार्यक्रम पर कर्मचारी स्तर का समझौता कर सकता है। प्रधानमंत्री के संक्षिप्त संबोधन के बाद, सदन को प्रश्न-उत्तर सत्र के लिए खोला गया, जहां कारोबारी नेताओं ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और मांगें कीं। उन्होंने इच्छित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आर्थिक उपायों के प्रस्ताव भी साझा किए और राजनीतिक अस्थिरता के बारे में चिंता व्यक्त की।

शीर्ष पाकिस्तानी उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएँ। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक स्थिरता के उद्देश्य से पूछे गए सवालों का सीधे तौर पर जवाब देने से परहेज किया, लेकिन दावा किया कि उन्होंने आर्थिक विकास के लिए उनके प्रस्तावों को नोट कर लिया है और उन्हें आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे।

## ईरान के गृह मंत्री पर मंडरा रहा था खतरा, श्रीलंका आते ही हो जाते गिरफ्तार, पाकिस्तान से ही डेलीगेशन छोड़कर भागे



**(एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति जब पाकिस्तान के दौरे पर थे तो उनके साथ पूरी टीम थी। टीम में ईरान के गृह मंत्री भी थे। लेकिन जब ईरान के राष्ट्रपति पाकिस्तान का दौरा खत्म करके श्रीलंका पहुंचे तो वहां उनके गृह मंत्री नजर नहीं आए। जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गई कि आखिर ईरान के गृह मंत्री अचानक पाकिस्तान से कहां गायब हो गए। इसका जवाब सामने आ गया है। वो श्रीलंका गए ही नहीं बल्कि पाकिस्तान से ही वापस लौट गए। उनके कोलंबों नहीं जाने को लेकर चर्चा ये है कि उनकी गिरफ्तारी श्रीलंका में हो सकती थी। इसलिए उन्होंने पाकिस्तान से ही वापस ईरान लौटने का फैसला किया।

अहमद वाहिदी पर अर्जेंटीना ने ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सामुदायिक केंद्र पर 1994 के हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था, जिसमें 85 लोग मारे गए थे। इंटरपोल ने एक रेड नोटिस जारी कर दुनिया भर की पुलिस एजेंसियों से वाहिदी को हिरासत में लेने का अनुरोध किया था और अर्जेंटीना ने पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों से उसे गिरफ्तार करने के लिए कहा था। ऐसे में अब ईरानी मंत्री को रायसी के साथ नहीं देखा गया तो इसकी चर्चा तेज हो गई। रईसी ईरान समर्थित बिजली और सिंचाई परियोजना का उद्घाटन करने के लिए श्रीलंका पहुंचे थे।

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि वाहिदी ईरान वापस आ गए, जहां उन्होंने एक नए प्रांतीय गवर्नर को शामिल करने के लिए एक समारोह में भाग लिया। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने एएफपी को बताया कि आंतरिक मंत्री को ईरानी प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया था। 1994 के हमले का दावा या समाधान कभी नहीं किया गया, लेकिन अर्जेंटीना और इज़राइल को लंबे समय से संदेह है कि ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह ने ईरान के अनुरोध पर इसे अंजाम दिया है। अभियोजकों ने शीर्ष ईरानी अधिकारियों पर हमले का आदेश देने का आरोप लगाया है, हालांकि तेहरान ने किसी भी संलिप्तता से इनकार किया है।

## श्रीलंकाई ने 24 और मछुआरों को भारत वापस भेज दिया, उच्चायोग ने दी जानकारी

श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पकड़े गए चौबीस भारतीय मछुआरों को भारत वापस भेज दिया गया है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए और अपने घर जा रहे थे। हालिया स्वदेश वापसी अकेले अप्रैल में श्रीलंका से भारतीय मछुआरों की तीसरी रिहाई है। इससे पहले 24 अप्रैल को श्रीलंका ने 5 मछुआरों को रिहा किया था और उन्हें वापस घर भेज दिया गया था। इससे पहले 3 अप्रैल को 19 अन्य भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई अधिकारियों ने वापस भारत भेज दिया था। मछुआरों द्वारा एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसपैठ करने का बार-बार आने वाला मुद्दा दोनों पड़ोसी देशों के बीच विवाद का मुद्दा रहा है।

## इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन करने पर भारतीय छात्रा अमेरिका में गिरफ्तार

### - कैंपस में आने पर रोक, हॉस्टल में रहने की परमिशन

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में इजरायल विरोधी प्रदर्शन करने वाली भारतीय मूल की छात्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह छात्रा अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की छात्रा है। छात्रा तमिलनाडु की रहने वाली है जिसका नाम अचिंत्य शिवलिंगन है और उसके साथ ही हसन सैयद नाम के एक और युवक को गिरफ्तार किया है। ये लोग कई लोगों के साथ गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों का विरोध कर रहे थे।

यूनिवर्सिटी की प्रवक्ता जेनिफर मोरिल ने बताया कि दोनों छात्रों के कैंपस में आने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि इन लोगों को यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहने की परमिशन होगी। तमिलनाडु की रहने वाली अचिंत्य शिवलिंगन मास्टर्स इन पब्लिक अफेयर्स की डिग्री ले रही है। वहीं सैयद हसन प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि छात्रों को कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी कि वे एरिया खाली कर दें और राजनीतिक आंदोलन न करें। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी ये लोग नहीं माने तो गिरफ्तारी की गई। अब अचिंत्य और हसन की गिरफ्तारी के बाद दूसरे छात्रों ने आंदोलन बंद कर दिया है और वहां से टेंट भी हटा लिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इस प्रदर्शन में छात्र, फैकल्टी मेंबर और अन्य बाहरी लोग भी शामिल थे। बता दें कि अमेरिका के कई कॉलेज और विश्वविद्यालयों में इजरायल के खिलाफ आंदोलन किए गए हैं। इसे लेकर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी अमेरिका की आलोचना की और कहा कि आपके यहां हमारी बर्बादी के नारे लग रहे हैं। इसको लेकर अमेरिकी प्रशासन ने इजराइल के खिलाफ हो रहे आंदोलन को बंद करने की कार्यवाही की।

## चीन ने मालदीव के समुद्री क्षेत्र में फिर उतारा अपना जासूसी जहाज

### मुइज्जू सरकार ने नहीं बताई वजह

**दुबई (एजेंसी)।** माले (ईएमएस)। मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद फिर से बीजिंग और माले के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। चीन ने दो महीने बाद 4,500 टन वजनी और उच्च तकनीक से लेस रिसर्च जहाज को मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा है। अब तक मुइज्जू सरकार द्वारा इस बारे में खुलासा नहीं किया गया है कि इस जहाज के वापस लौटने का कारण क्या है। लेकिन, इस बात की पुष्टि की है कि यात्रा से पहले जहाज को माले में खड़ा करने की अनुमति दी गई थी।




### मालदीव के समुद्री क्षेत्र में वापस लौटा चीनी जहाज

चीन द्वारा यह जहाज ऐसे समय में मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा गया है, जब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने आम चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। बता दें कि मुइज्जू द्वारा बार बार चीन का समर्थन किया जाता है। चीन का जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) को पार कर वापस लौट आया है और अब मालदीव क्षेत्र के अंदर या उसके पास सक्रिय है। मालदीव की विशेष आर्थिक सीमा के पास एक महीना बिताने के बाद यह जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। यहां लगभग छह दिन बिताने के बाद जहाज ईईजेड के पार चला गया था। उस दौरान भारत और अमेरिका ने इस पर आपत्ति भी जताई थी।

### फरवरी में भी किया था मालदीव का दौरा

फरवरी में ही मालदीव के विदेश मंत्री ने कहा था कि चीन के जहाज द्वारा अपने केबिन क्रू के रोटेशन के लिए मालदीव का दौरा किया गया था। यह भी दावा किया गया था कि इस दौरान जहाज द्वारा किसी भी तरह की रिसर्च नहीं की गई। मालदीव की भारत की दूरी बमुश्किल 70 समुद्री मील है। हिंद महासागर क्षेत्र में वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने की वजह से इस जगह का अपना अलग ही सामरिक महत्व है।

## दो देशों के बीच सुरक्षा सहयोग से तीसरे को कोई नुकसान न हो


### - फिलीपींस को मिली भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से बौखलाया चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** फिलीपींस को भारत द्वारा दी गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की डिलीवरी के बाद चीन आगबबूला हो गया है। इसकी वजह है कि फिलीपींस को ऐसे समय भारत से क्रूज मिसाइलों डिलीवरी मिली है, जब उसका बीजिंग से साउथ चाइना सी में तनाव व्याप्त है। फिलीपींस को भारत द्वारा दी गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप मिलने के बाद चीनी सेना ने एक बयान जारी किया है, जिसमें चीनी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचे।

दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल को लेकर चीन और फिलीपींस के बीच तनाव है। फिलीपींस ने चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने और अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों का अधिग्रहण किया है, ये उसकी अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने की तरफ एक अहम रणनीतिक कदम है। दूसरी ओर भारत भी चीन के विस्तारवादी रवैये के चलते फिलीपींस के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। ऐसे में चीन की घबराहट बढ़ती नजर आ रही है।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी प्रवक्ता ने दक्षिण चीन सागर विवाद में चीन और फिलीपींस की बढ़ती दुश्मनी के पिछले दिनों फिलीपींस में जरिए दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात करने के लिए अमेरिका की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को भंग करना चाहता है।






## मैंने वो हर बल्ला संभाला है जिसने मैंने शतक लगाया: रिकी पोंटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही ।2012 में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा कि मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

## तीन मेडन ओवर, 0 रन और 7 विकेट, डेब्यू मैच में 17 साल की क्रिकेटर ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** इंडोनेशियाई महिला टीम की क्रिकेट गेंदबाज रोहमालिया ने बाली के उदयना क्रिकेट ग्राउंड में 6 मैचों की श्रृंखला के पांचवें टी20आई मैच में मंगोलिया के खिलाफ सबसे उत्कृष्ट गेंदबाजी आंकड़े दर्ज करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 17 वर्षीय रोहमालिया ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को चौंका दिया क्योंकि उन्होंने 24 अप्रैल को अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर 7 विकेट लिए, जो टी20आई क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े थे। उन्होंने अपने 3.2 ओवर के स्पैल में तीन मेडन ओवर फेंके और एक भी रन नहीं दिया। दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर रोहमालिया की मदद से इंडोनेशिया की महिलाओं ने मंगोलिया की महिलाओं को 127 रनों से हरा दिया।किशोर सनसनी ने नीदरलैंड के फ्रेडरिक ओवरडिज्क के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2021 में ला मंगा क्लब टॉप ग्राउंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 के आंकड़े के साथ रिकॉर्ड बनाया था। रोहमालिया ने ओवरडिज्क, अर्जेंटीना की महिला एलिसन स्टॉक्स और मलेशिया की सियाजरुल एज़ात इद्रस के बाद टी20आई में सात विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज के रूप में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। रोहमालिया ने टी20आई डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया क्योंकि उन्होंने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल के लिए अंजलि चंद के 2.1-2-0-6 के स्पैल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



## राहुल द्रविड़ हाफ पैंट और टीशर्ट में वोट डालने के लिए लाइन में लगे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर और फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आज बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपना वोट डाला। वह कैजुअल कपड़े पहनकर पहुंचे थे, जबकि वोट डालने के लिए कतार में खड़े नजर आए। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया और क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक एक्स यूजर ने ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया है। उसने लिखा- वोटिंग लाइन में द वॉल, उनका कहना है कि उन्होंने राष्ट्रहित और भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए मतदान किया।वीडियो में द्रविड़ नीली टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं। वह अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए हाथों को क्रॉस करके खड़े हैं। कुछ घंटे पहले शेयर किए जाने के बाद से इस वीडियो को करीब लाख बार से अधिक देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर कॉमेंट्स काफी रोचक हैं।राहुल द्रविड़ की क्लिप पर एक्स यूजर्स ने इस तरह प्रतिक्रिया दी- एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, %वह सर्वश्रेष्ठ हैं। एक अन्य ने कहा, यही असली धन है। उसके पास अपना स्थान है। तीसरे ने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। चौथे ने टिप्पणी की, सादगी का साकार रूप। एक अन्य ने कॉमेंट किया- वाह, यह कमाल है! ऐसे ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति को वास्तविक और व्यावहारिक रूप से व्यवहार करते देखना बहुत अच्छा लगता है। सादगी वाकई सबसे बढ़िया वाइब्स का एहसास कराती है।

### टी20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम

# रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग

**नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल** 2024 में हर मैच के साथ पुरुष टी20 विश्व कप चयन के लिए दावेदारों की सूची में एक नया नाम जुड़ जाता है। दूसरी ओर कुछ लोग अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अग्रणी बनने की ओर अग्रसर हैं। यह सब अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए पिछले प्रदर्शन के आधार पर या आईपीएल 2024 में मौजूदा फॉर्म के आधार पर खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देना बड़ी समस्या बना देता है। टी20 विश्व कप के लिए टीम का ऐलान होना अभी बाकी है लेकिन किन सदस्यों को जगह मिल सकती है इस पर नजर डाल लेते हैं-



### रोहित शर्मा (कप्तान)

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस साल फरवरी में घोषणा की थी कि वह मेगा इवेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में रोहित ने 162.9 की स्ट्राइक रेट के साथ 303 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन भी शामिल हैं।

### विराट कोहली

रोहित ने अफगानिस्तान श्रृंखला में जयसवाल और गिल के साथ ओपनिंग की, जबकि कोहली ने दो मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की, यह विश्व कप के लिए बदल सकता है। आईपीएल 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी कोहली को रोहित के साथ सलामी बल्लेबाजी करने के लिए अपग्रेड किया जा सकता है।

### सूर्यकुमार यादव

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज पिछले कुछ वर्षों में अपने अपरंपरागत स्ट्रोकप्ले और उससे लगातार रन बनाने के कारण शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से लौटने के बाद सूर्यकुमार दो शून्य के बावजूद अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हैं जिन्होंने पांच पारियों में 140 रन बनाए हैं।

### ऋषभ पंत

दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी विभिन्न चोटों से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से बाएं हाथ का विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में वापस आ रहा है। आईपीएल 2024 के 9 मैचों में पंत ने नौ पारियों में 48.86 के औसत और 161.32 के स्ट्राइक-रेट से 342 रन बनाए हैं। विकेटकीपर के रूप में पंत बेहद प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने 10 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की।

### शिवम दुबे

जब से चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले अपने साथ जोड़ा है, तब से दुबे टी20 में बल्लेबाजी के मामले में सचमुच उलटफेर कर गए हैं। दुबे को मध्य ओवरों में स्पिन-हिटर होने की भूमिका दी गई थी, जिसमें उन्होंने अपनी लंबी पहुंच और शक्तिशाली शॉट्स की बदौलत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने शानदार आईपीएल 2023 के आधार पर उन्होंने भारत की टी20आई टीम में वापसी की और अफगानिस्तान श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया।आईपीएल 2024 में भी दुबे ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे, खासकर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जो लंबे समय से उनकी दुश्मन रही है।

### हार्दिक पांड्या

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, साथ ही आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के नेता भी हैं। लेकिन उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दुबे को प्रभाव खिलाड़ी नियम के कारण आईपीएल 2024 में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। इसका मतलब है कि हार्दिक अपने कौशल के कारण 15 सदस्यीय टीम में शामिल हो जाएंगे।आईपीएल 2024 में हार्दिक उतने शानदार हिटर नहीं रहे, जितने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने 8 पारियों में केवल 151 रन बनाए और केवल सात छक्के लगाए। गेंद के साथ उन्होंने केवल 17 ओवर फेंके और 10.94 की इकॉनमी रेट से सिर्फ चार विकेट लिए।

### रिंकू सिंह

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पारी की आखिरी 5 गेंदों पर पांच छक्कों के साथ सुर्खियां बटोरीं। एक ऐसा सीजन जहां उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग कौशल दिखाया। वह साल के अंत में भारत के लिए टी20आई में पदार्पण किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए जिनमें से सात में 176.23 की उच्च स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। हालांकि उन्हें आईपीएल 2024 में केकेआर के लिए फिनिशर बनने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं।

### रविंद्र जड़ेजा

जडेजा ने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चार विकेट लिए हैं और बल्ले से 157 रन बनाए हैं जिसमें कई बार बल्लेबाजी करते समय फ्री होने के लिए संघर्ष करना भी शामिल है। वेस्टइंडीज में पहले खेलने और प्रारूप में एक क्लच खिलाड़ी होने का उनका अनुभव, विशेष रूप से उनकी गेंदबाजी को मदद करने वाली परिस्थितियां उन्हें विश्व कप के लिए एक योग्य खिलाड़ी बनाती हैं।

### कुलदीप यादव

आईपीएल 2022 से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चुने जाने के बाद से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर का इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन रहा है। तब से आईपीएल में मजबूत प्रदर्शन (छह मैचों में 12 विकेट सहित), अंतरराष्ट्रीय वापसी और 5 विकेट लेने के साथ पिछले साल अपने जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेट लेने वाले कुलदीप का वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप में भारत के लिए मुख्य स्पिनर बनना निश्चित है।

### जसप्रीत बुमराह

भारत को बुमराह के एक्स-फैक्टर की बहुत कमी खली, जब वह पीठ की चोट के कारण 2022 टी20 विश्व कप से चूक गए थे जिसके लिए सर्जरी की जरूरत थी। लेकिन तब से बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब 2024 टी20 विश्व कप में भारत के लिए नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आईपीएल 2024 में बुमराह आठ मैचों में 13 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### अर्शदीप सिंह

मोहम्मद शमी अकिलिस सर्जरी से उबर रहे हैं और मोहम्मद सिराज आईपीएल 2024 में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, इसका मतलब है कि अर्शदीप की भूमिका उस प्रारूप में बहुत अधिक महत्वपूर्ण होगी जिसने भारतीय टीम में उनके प्रवेश को प्रशस्त किया और 2022 टी20 विश्व कप में 10 विकेट लिए। हालांकि अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ आईपीएल 2024 में भी उनका फॉर्म ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन पावर-प्ले और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का अर्शदीप का कौशल विश्व कप में भारत के लिए उपयोगी हो सकता है।

### आवेश खान

आवेश ने आईपीएल 2024 में अपनी डेथ ओवरों की गेंदबाजी में काफी सुधार दिखाया है और 9.41 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं, जिसमें उनकी वाइड यॉर्कर और धीमी गेंदें शामिल हैं। डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करने के अलावा, अगर भारतीय टीम सिराज का चयन नहीं करती है तो आवेश जरूरत पड़ने पर बीच के ओवरों में भी दमदार भूमिका निभा सकते हैं।

### यशस्वी जयसवाल

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का आईपीएल 2024 में लगातार कम स्कोर रहा, लेकिन उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में शतक बनाकर फॉर्म में वापसी की। मिश्रण में शुबमन गिल के साथ मुख्य रूप से विविधता और आक्रामकता के कारण चयनकर्ताओं द्वारा जयसवाल को मंजूरी दी जा सकती है, हालांकि काफी हद तक कोहली-रोहित ओपनिंग कॉम्बिनेशन की मांग उठ रही है।

### अक्षर पटेल

विश्व कप टीम के लिए दावेदारी में विशेषज्ञ लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई हैं, लेकिन अक्षर मुख्य रूप से अपने हरफनमौला कौशल के कारण सबसे आगे हैं। हालांकि उन्होंने गेंद से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन अक्षर कुलदीप के साथ मिलकर काम करते हुए होल्डिंग का काम करने में सक्षम हैं। बल्ले से उनका तीन पर प्रमोशन मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि उन्होंने 66 का आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और स्पिनरों के खिलाफ खूब बाउंड्री लगाई। इसके अलावा, वह एक बहुत ही उपयोगी क्षेत्ररक्षक भी हैं, जो चहल और बिश्नोई की तुलना में विश्व कप में पहुंचने का उनका दावा मजबूत बनाता है।

## हैदराबाद ने पहली बार एक सीजन में ठोके 100 से ज्यादा छक्के, नजरें विश्व रिकॉर्ड तोड़ने पर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आईपीएल 2024 सीजन में धूम मचा रखी है। बेंगलुरु के खिलाफ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलते हुए हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जैसे ही पहला छक्का लगाया, हैदराबाद सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। खास बात यह है कि हैदराबाद अब तक किसी सीजन में 100 से ज्यादा छक्के लगा नहीं पाई थी लेकिन इस बार उन्होंने यह जादूई आंकड़ा 8वें मैच में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने 2022 सीजन में 97, 2016 सीजन में 89 तो 2018 सीजन में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही वह 108 छक्के लगा चुकी है।

### सीजन के अनुसार आईपीएल में एक टीम द्वारा सर्वाधिक छक्के

- 2008- पंजाब किंग्स - 15 मैचों में 95 छक्के
- 2009- डेक्कन चार्जर्स - 16 मैचों में 99 छक्के
- 2010- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 97 छक्के
- 2011- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 94 छक्के
- 2012- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 117 छक्के
- 2013- मुंबई इंडियंस - 19 मैचों में 117 छक्के
- 2014- पंजाब किंग्स - 17 मैचों में 127 छक्के
- 2015- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 120 छक्के
- 2016- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 142 छक्के
- 2017- मुंबई इंडियंस - 17 मैचों में 117 छक्के

## न्यूजीलैंड की 'सी' टीम से हारी पाकिस्तान, टी20 सीरीज में 2–1 से पिछड़ी

**लाहौर (एजेंसी)।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के लिए वीरवार की शाम बेहद खराब गुजरी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेल रही पाकिस्तान टीम 2–1 से पिछड़ गई है। सीरीज के चौथे मुकाबले में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 178 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम 174 रन ही बना सकी। पाक के लिए इमाद वसीम जब क्रीज पर थे तो आखिरी दो गेंदों पर पाकिस्तान को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। वसीम ने 5वीं गेंद पर चौका लगा दिया लेकिन आखिरी गेंद पर एक ही रन बना पाए।

## बजाज ने पेश की पंखों और एयर कूलर्स की नवीन रेंज

**मुंबई,** भारत, 26 अप्रैल, 2024~ बजाज ने पंखों और एयर कूलर्स की नवीनतम रेंज पेश की है। इन प्रोडक्ट्स को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि ये आपके घर को ठंडा करना आसान और अधिक कुशल बनाए, खासकर गर्मियों के दौरान तापमान बढ़ने पर। विशेष वॉरंटी और स्कीम्स के साथ, बजाज की यह नई रेंज निश्चित रूप से ग्राहकों के लिए एक लोकप्रिय पसंद होगी। विभिन्न कैटेगरीज़ के अनुरूप व्यापक रिसर्च करके बजाज ने ग्राहकों की प्रमुख समस्याओं के समाधान करने के प्रयास किए हैं। रवींद्र सिंह नेगी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, ने कहा, ÷जैसे-जैसे भारत भीषण गर्मी और झुलसाने वाले दिनों की तरफ आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे राहत के रूप में पंखों और एयर कूलर्स जैसे कूलिंग एप्लायंसेज़ की माँग भी बढ़ रही है। हमारा लक्ष्य आधुनिक डिज़ाइन और विश्वसनीय परफॉर्मेंस वाले सुदृढ़ और टिकाऊ प्रोडक्ट्स के माध्यम से इन जरूरतों पूरा करना है।



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63